


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21



5 शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप, वॉर्नर की सिडनी... सम्पादकीय बातचीत क्यों हुई नाकाम? भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बातचीत फिर शुरू होगी 5



वर्ष 18 अंक 74 E-mail: dholpur@hotmail.com धौलपुर, गुरूवार 16 अप्रैल 2026 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बनें

## शपथ के बाद नीतीश के पैर छुए

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सम्राट चौधरी बिहार 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतीश कुमार इस



कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है।मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।'

शपथ से पहले हनुमान मंदिर पहुंचे सम्राट सम्राट चौधरी ने सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की थी। शपथ से पहले ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सरकार में बदलाव सोमवार को नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद हुआ। वे अब राज्यसभा सदस्य हैं। वे 20 साल बिहार के सीएम हे।

## छत्तीसगढ़ पावर प्लांट हादसा में अब तक 19 की मौत

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 19 मौतें हो चुकी हैं। 4 की मौके पर ही जान गई, जबकि 13 की मौत रायगढ़ के अलग-अलग अस्पतालों में हुई। 2 की मौत रायपुर के कालड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया था। मृतकों में 4 छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि बाकी 15 यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से हैं।हादसे में कुल 36 लोग झुलसे हैं, 18 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है।

# चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

## मेथेनॉल लेकर यूएई से आ रहा था, अमेरिकी वॉरशिप की चेतावनी के बाद मुड़ा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था।

यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी।

रॉयटर्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अमेरिकी युद्धपोत ने दो तेल टैंकरों को



रोक दिया, जो ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के चाबहार बंदरगाह से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे।

रिच स्टैरी और इसकी मालिक कंपनी शंघाई जुआनरन शिपिंग पर अमेरिका ने 2023 से प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि वे ईरान के साथ व्यापार कर रहे थे।

**ईरान के प्रतिबंधित सुपरटैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट पार किया**

ईरान की लोकल न्यूज एजेंसी के मुताबिक अमेरिका की रोक के बावजूद, ईरान के एक प्रतिबंधित सुपरटैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट को पार करके ईरान के इमाम खुमैनी बंदरगाह की ओर निकल गया है।

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि यह वीएलसीसी कच्चा तेल का जहाज, 20 लाख बैरल कच्चा तेल ले जाने में सक्षम है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि टैंकर अपने माल के साथ लौट रहा था या फिर खाली था।

# भाजपा का वादा-बंगाल में महिलाओं को हर महीने 3,000 देंगे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में मातृशक्ति भरोसा कार्ड लॉन्च किया। सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को हर महीने ?3,000 देने का वादा किया गया है। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। बंगाल में दो फेज में वोटिंग होगी। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा।

एक दिन पहले मंगलवार को पीएम मोदी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में डर का माहौल है। हत्या, दुष्कर्म और दंगे चरम पर पहुंच चुके हैं। राज्य में लोग काफी परेशान हैं। राज्य में युवा रोजगार को लेकर चिंतित हैं। सरकारी कर्मचारियों को अपने हक के लिए अदालत जाना पड़ रहा है।

वहीं ममता बनर्जी ने पिंगला में चुनावी रैली में कहा कि बीजेपी बंगाल पर कब्जा करने के लिए हद पार कर रही है। इतना गंदा खेल पहले कभी



नहीं देखा। लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। केंद्र सरकार ने बंगाल का पैसा रोक दिया है। उन्होंने श्ङ्करूको लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मशीनों की सख्ती से जांच की जाएगी।

गाड़ी की जांच पर ममता ने कहा- हिम्मत है तो रोज चेक करो

पश्चिम बंगाल की ष्टरू ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि बुधवार को कोलकाता एयरपोर्ट जाते समय केंद्रीय बलों ने उनकी गाड़ी की जांच करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो उनकी गाड़ी हर दिन चेक की जाए।ममता बनर्जी ने यह बात उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर में एक चुनावी रैली में कही।

इससे एक दिन पहले टीएमसी ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग के निर्देश पर उसके नेताओं के वाहनों की टारगेटेड तरीके से जांच की जा रही है।

# पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली आप सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी।



आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे दी है। केंद्र सरकार आखिर राघव चड्ढा पर इतनी मेहरबान क्यों है? हालांकि, चड्ढा के करीबी सोर्सेज के मुताबिक अभी उन्हें केंद्र से सुरक्षा नहीं मिली है।

जानकारी के मुताबिक उन्हें जल्द केंद्रीय सुरक्षा मिल सकती है। तब तक उन्हें दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी दी जा सकती है। 2 हफ्ते पहले आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी उपनेता के पद से हटाकर दूसरे सांसद अशोक मित्तल को यह पद दे दिया था। उसके बाद से ही आप और राघव चड्ढा के बीच खूब बयानबाजी भी चली।

उपनेता पद से हटाया गयाः आम आदमी पार्टी ने 2 अप्रैल को राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। आप ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया कि राघव चड्ढा को अब सदन में बोलने के लिए पार्टी कोटे से समय न दिया जाए।

# मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में पारा 42 डिग्री पार

## राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में 41 डिग्री तापमान

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अप्रैल के दूसरे हफ्ते में पारा लगातार बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में पारा 42एष्ट पहुंच गया। राजस्थान में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां बाड़मेर और जैसरमेर में तापमान 41एष्ट के ऊपर चला गया।

उत्तर प्रदेश के बांदा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गुजरात, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में ज्यादातर शहरों में भी पारा 40 डिग्री से ज्यादा है।

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अगले दो सप्ताह में तापमान 6 से 8 डिग्री तक बढ़



सकता है।

इधर उत्तराखंड में मौसम ठंडा है। यहां केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई है। जम्मू-कश्मीर और असम समेत कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

16 अप्रैलः असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हल्की बर्फबारी की संभावना है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लू चलने की शुरुआत होगी। तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में तापमान बढ़ेगा।

# होर्मुज के बाद अब ट्रम्प की मलक्का स्ट्रेट पर नजर

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** हॉर्मुज स्ट्रेट में इस समय हालात काफी तनाव भरे हैं। अमेरिका वहां ईरान से जुड़ी जहाजों की गतिविधियों पर सख्ती कर रहा है। इसी बीच अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच 13 अप्रैल को एक नया रक्षा समझौता हुआ है।इस समझौते के तहत अब अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में ज्यादा आसानी से आने-जाने की इजाजत मिल गई है। इसे आधिकारिक तौर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का कदम बताया जा रहा है, लेकिन इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

यह डील ऐसे समय हुई है जब स् ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है। इसके बाद तेल सप्लाई लगभग ठहर गई और कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल



से ऊपर पहुंच गई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेरिका ने मलक्का स्ट्रेट पर नजर रखने के लिए यह करार किया है।

होर्मुज के बाद मलक्का पर फोकसः मलक्का स्ट्रेट दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यह वही रास्ता है जो हिंद महासागर को पूर्वी एशिया से जोड़ता है और दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से करीब 40% वैश्विक व्यापार और लगभग 30% तेल सप्लाई गुजरती है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे खास बनाती है। फिलिप चैनल पर इसकी चौड़ाई 3 किलोमीटर है, जो इसे बड़ा बॉटलनेक बनाती है। यह होर्मुज से करीब नौ गुना ज्यादा संकरा है।

# पीएम मोदी ने लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील

## कर्नाटक में वोक्कालिगा समुदाय के मंदिर उद्घाटन किया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी बुधवार को कर्नाटक में लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा, मेरी अपील जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन को लेकर है। इसके बाद उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर जोर दिया।

उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने, रसायन-मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाने, मोटे अनाज (मिलेट्स) के साथ स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने और तेल के कम उपयोग की अपील भी की। पीएम मांडया जिले के श्री क्षेत्र आदिचुंचनगिरि मठ पहुंचे थे।

यहां उन्होंने गुरु भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन किया। सौंदर्य लहरी और शिव महिम्न स्तोत्र नामक किताब का विमोचन भी किया। इस मौके पर पूर्व



पीएम एचडी देवगौड़ा भी मौजूद थे। यह वोक्कालिगा समुदाय से जुड़ा है।

मंदिर डॉ. बालगंगाधरनाथ महास्वामीजी की स्मृति में बनाया गया

श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर, पूज्य संत डॉ. बालगंगाधरनाथ महास्वामीजी की स्मृति में बनाया गया है। वे आदिचुंचनगिरि महासंस्थान मठ के 71वें पीठाधीश्वर थे। मंदिर को पारंपरिक द्रविड़ शैली में बनाया गया है और इसे उनके जीवन और विरासत को समर्पित स्मारक के रूप में तैयार किया गया है। डॉ. बालगंगाधरनाथ महास्वामीजी सामाजिक सेवा से जुड़े रहे। उन्होंने कई शैक्षणिक संस्थान और स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित कीं। उनका मानना था कि समाज की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है।

पीएम मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी उद्घाटन किया था। 12 हजार करोड़ रुपए की इस परियोजना से दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय छह घंटे से घटकर करीब ढाई घंटे रह गया है।213 किलोमीटर लंबा यह छह लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से होकर गुजरता है। इसकी खास बात 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड वाइल्डलाइफ सेक्शन है, जिसे एशिया के सबसे लंबे सेक्शनों में एक बताया जा रहा है।

# महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष की मीटिंग

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल और लोकसभा में सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर विपक्ष ने बुधवार को मीटिंग की। मीटिंग दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। इसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए। मीटिंग में टीएमसी, आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद गुट) और क्क नेता भी शामिल हुए।

केंद्र सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में तीन बिल लाने वाली है। इनमें संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 शामिल हैं। सरकार का प्रस्ताव लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना है। इनमें करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

विपक्षी दल लोकसभा में सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने कहा कि सीटें बढ़ाने से दक्षिण के राज्यों को नुकसान होगा।

बिल पर विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं

परिसीमन प्रक्रिया पर बीआरएस पार्टी का रुख एकदम साफ और मजबूत है। हमारे कार्यकारी अध्यक्ष, केटीआर, 2022 से लगातार यह कहते आ रहे हैं कि इस पूरी प्रक्रिया में दक्षिण भारतीय राज्यों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। फिलहाल, संसद में दक्षिण भारतीय राज्यों का प्रतिनिधित्व 24% है।

# 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं।

850 में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33% महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है।

सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं। पीएम मोदी 17 अप्रैल को बहस का जवाब दे सकते हैं।

इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है।



हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को चिट्?ठी लिखकर कहा कि दक्षिणी राज्यों को सीटें बढ़ाना मंजूर नहीं।

1. सीटें कितने बढ़ेंगीः लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 हो जाएंगी। राज्यों में 815 व केंद्र शासित क्षेत्रों के लिए 35 सीटें। इस बदलाव का असर राज्यसभा और देश की सभी विधानसभाओं पर भी होगा। यहां भी सीटें की संख्या बदल जाएंगी।

2. महिला आरक्षण कितने साल के लिए होगा : कुल सीटों में से 33% यानी 273 महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। महिलाओं के लिए यह आरक्षण 15 साल के लिए होगा। यानी 2029, 2034 और 2039 के लोकसभा चुनावों तक। इसके बाद इसे बढ़ाने का फैसला संसद करेगी।

आरक्षित सीटें हर चुनाव में बदलती रहेंगी, ताकि महिलाओं का हर जगह प्रतिनिधित्व मिल सके। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी आरक्षण शामिल होगा। ये आरक्षित सीटें अलग-अलग क्षेत्रों में रोटेशन के आधार पर तय की जाएंगी।

# मेलोनी ने ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं दिया : ट्रम्प

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डोनाल्ड ट्रम्प ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मेलोनी ने ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं दिया और हिम्मत नहीं दिखाई। ऐसे में शांति की बात करना बेकार है।

इटालियन अखबार को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा, 'मैं हैरान हूं। मैंने सोचा था उनमें हिम्मत है, लेकिन मैं गलत था।' उन्होंने आरोप लगाया कि मेलोनी का रुख ईरान के मुद्दे पर कमजोर रहा है।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि अगर ईरान को परमाणु हथियार मिल जाता है, तो वह इटली को 2 मिनट में तबाह कर



सकता है। उनके मुताबिक, इस खतरे को समझे बिना शांति की बात करना सही नहीं है।ट्रम्प ने अमेरिका-इटली संबंधों पर भी चिंता जताई। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो देश ईरान मामले में अमेरिका का साथ नहीं देते, उनके साथ संबंध कमजोर पड़ते हैं।इस बीच अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (८श्व) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था।

# अमरावती यौन उत्पीड़न के आरोपी के घर बुलडोजर चलाया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में अमरावती जिले के परतवाड़ा में लड़कियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाया। जांच के लिए प्रशासन ने 46 सदस्यीय विशेष जांच दल बनाया है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में तनवीर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी लड़कियों को फंसाते थे, फिर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर अश्लील वीडियो बनाते थे।पुलिस ने इन चारों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हें सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। दावा है कि आरोपियों के पास 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो मिले हैं, जिनसे वह लड़कियों को ब्लैकमेल कर रहे थे।अब तक किसी ने शिकायत नहीं की पुलिस ने बताया कि अब तक किसी भी पीड़ित ने शिकायत के लिए सीधे संपर्क नहीं किया है। पुलिस ने पीड़ितों और उनके परिवारों से आगे आकर जांच में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही उनकी पहचान सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया है। तनवीर को 11 अप्रैल को हिरासत में लिया गया, जब उसके साथ कुछ महिलाओं और लड़कियों के अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

अब पुलिस यह जांच कर रही है कि आरोपी ने अश्लील वीडियो अपने दोस्तों या किसी संगठित गिरोह के साथ शेयर किए थे या नहीं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस डिवाइस में कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं, जिनकी जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में स्थानीय मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग भी थाने पहुंचे। इन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।



# 726 वीं सैन जयंती धूमधाम से मनाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सैन समाज के पूजनीय संत शिरोमणि सैन महाराज कि जंयती प्रदेश के विभिन्न गांवों शहरों में धूमधाम से मनाई गई।

सैन समाज मिडिया प्रभारी श्री उमेश सैन सामोद वालों ने बताया कि जयपुर शहर में विशेष रूप से मुरलीपुरा, विश्वकर्मा, नाड़ी फाटक, आगरा रोड, सांगानेर, प्रताप नगर , विधाधर नगर सहित श्री नारायणी माता बग़ीची झोटवाड़ा रोड़ पर सुबह से ही विभिन्न आयोजन जैसे कलश यात्रा, शोभायात्रा, प्रतिभा सम्मान, हवन पूजन आदि हुए।

इन आयोजनों में विशेष रूप से उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जी राजस्थान सरकार, विधायक बालमुकुंद जी महाराज, गोपाल जी शर्मा, सहित सैन समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।

इस अवसर हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। शाम को विशेष आयोजन के तहत सैन समाज के प्रमुख मंदिर बंध कि घाटी दिल्ली बाईपास रोड पर स्थित संत शिरोमणि सैन महाराज के विग्रह कि आकर्षक साज सज्जा के साथ महाआरती ओर छप्पन भोग कि झांकी का आयोजन किया गया।

यह आयोजन सैन समाज शिव हनुमान सेवा एवं विकास समिति जयपुर एवं श्रोरकार हवामहल ग्रामीण शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समिति संरक्षक मुकेश भदादा एवं अध्यक्ष श्री कालूराम सैन भांकरी वालों ने जीवन में हमेशा सत्य का साथ देने का समाज का आव्हान किया।

medanta

# गंभीर फेफड़ा रोगों में लंग ट्रांसप्लांट बना अंतिम विकल्प

## उन्नत तकनीक से उपचार संभव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**गुरुग्राम।** गंभीर फेफड़ा रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए लंग ट्रांसप्लांट प्रभावी उपचार के रूप में सामने आया है। मेदांता - द मेडिसिटी में उन्नत ट्रांसप्लांट तकनीकों और मल्टीडिसिप्लिनरी उपचार पद्धति के माध्यम से अंतिम चरण के मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

अस्पताल में हाल ही में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित एक मरीज का सफल उपचार किया गया। मरीज को लंबे समय से खांसी, सांस फूलना और सामान्य गतिविधियों में कठिनाई जैसी समस्याएं थीं। जांच के बाद फेफड़ों की गंभीर स्थिति सामने आने पर चिकित्सकों ने लंग ट्रांसप्लांट की सलाह दी।

मेदांता में लंग ट्रांसप्लांट के लिए विशेष संस्थान कार्यरत है, जहां चेस्ट सर्जनों और अन्य विशेषज्ञों की टीम मरीजों का समग्र मूल्यांकन कर उपचार करती है। इस प्रक्रिया में प्रारंभिक जांच, सर्जरी और सर्जरी के बाद पुनर्वास तक सभी चरणों पर निगरानी रखी जाती है।

चिकित्सकों के अनुसार, लंग ट्रांसप्लांट उन मरीजों के लिए अंतिम विकल्प होता है, जो इंटरस्टीशियल लंग डिजीज, सीओपीडी, सिस्टिक फाइब्रोसिस और पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन जैसी बीमारियों के अंतिम चरण में पहुंच चुके होते हैं। इस स्थिति में फेफड़े शरीर में आवश्यक ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाए रखने में सक्षम नहीं रहते।

डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि फेफड़ों की अंतिम अवस्था में दवाओं से लाभ नहीं मिलने पर ट्रांसप्लांट ही प्रभावी विकल्प रह जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया जटिल होती है, लेकिन उचित चयन और चिकित्सा प्रबंधन से मरीजों को लाभ मिल सकता है।



# राजस्थान पेट्रो ज़ोन से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति : श्रीनिवास

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए रिफाइनरी एवं उससे जुड़े डाउनस्ट्रीम उद्योगों के बीच मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान पेट्रो ज़ोन (आरपीजेड), बालोतरा में रिफाइनरी से प्राप्त फीडस्टॉक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौते को अंतिम रूप देने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में एचआरआरएल, डाउनस्ट्रीम उद्योगों एवं राज्य सरकार के बीच प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौते के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार एवं एचपीसीएल के संयुक्त उद्यम के रूप में पचपदरा (बालोतरा) में 9 एमएमटीपीए क्षमता की पेट्रोलियम रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (आरपीसी) स्थापित किया जा रहा है, जिसका संचालन एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) द्वारा किया जाएगा।बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग विभाग शिखर अग्रवाल ने बताया कि रीको द्वारा एचआरआरएल रिफाइनरी के पास आरपीजेड का विकास किया गया है। इस पेट्रो ज़ोन के माध्यम से रिफाइनरी के उप-उत्पादों एवं फीडस्टॉक की आपूर्ति के लिए एक प्रभावी और सुव्यवस्थित तंत्र विकसित किया जाएगा। एचआरआरएल द्वारा उत्पादित प्रमुख फीडस्टॉक का उपयोग आरपीजेड में स्थापित डाउनस्ट्रीम उद्योगों द्वारा किया जाएगा। इन उत्पादों के आधार पर आरपीजेड में प्लास्टिक, रसायन एवं अन्य संबंधित उद्योगों के व्यापक विकास की संभावनाएँ सृजित होंगी, जिससे क्षेत्र में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में आरपीजेड में उद्योगों को फीडस्टॉक की नियमित आपूर्ति एवं उसके प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु त्रिपक्षीय समझौते का मसौदा तैयार किया गया है। इस समझौते के तहत रिफाइनरी उत्पादों की आपूर्ति एवं प्रबंधन की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी। जिससे रिफाइनरी एवं डाउनस्ट्रीम उद्योगों के मध्य एक एकीकृत औद्योगिक इकोसिस्टम का विकास होगा एवं निवेश आकर्षण में वृद्धि से प्रदेश के औद्योगिक विकास को सुदृढ़ आधार मिलेगा।

# आईपीएल आयोजन को लेकर प्रशासन सख्त सुरक्षा व सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** आईपीएल 2026 के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, व्यवस्थाओं और मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के तहत जिला कलक्टर सन्देश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आईपीएल मैचों के दौरान दर्शकों की सुरक्षा, सुविधाओं और समुचित प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने राजस्थान रॉयल्स के प्रबंधन, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद और बीसीसीआई के प्रतिनिधियों को आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। दिव्यांग दर्शकों के लिए स्टेडियम में रैंप और शौचालय की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पश्चिम ब्लॉक क्षेत्र में भी दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुगम पहुंच सुनिश्चित करने को कहा गया। मैच टिकट उचित दरों पर उपलब्ध कराने और दिन के समय होने वाले मैचों में दर्शकों के लिए निःशुल्क पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला रसद अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को आयोजन के दौरान परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने और अस्थायी रसोइयों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। स्टेडियम में एंबुलेंस और प्रशिक्षित चिकित्सकीय दल की तैनाती, विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कियोस्क स्थापित करने, स्वच्छता व्यवस्था और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत दर्शकों की सघन तलाशी, पर्याप्त अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध करने को कहा गया। आपात स्थिति से निपटने के लिए डीक्यूआरटी टीम, महिला स्वयंसेवक, सुरक्षा गार्ड और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की तैनाती के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा आयोजन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर युगान्तर शर्मा, मुकेश कुमार मूंड, आशीष कुमार सहित बीसीसीआई, राजस्थान रॉयल्स, पुलिस, नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। 14 अप्रैल को अवकाश होने के कारण समारोह 15 अप्रैल को आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत महाप्रबंधक अमिताभ द्वारा डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को अम्बेडकर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक समरसता का उदाहरण है, जिससे प्रेरणा लेकर समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए कार्य करना आवश्यक है।महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात कर भारतीय रेल की सेवा गुणवत्ता और संस्थागत गरिमा को और बेहतर बनाया जा सकता है।

उन्होंने कर्मचारियों से कार्य संस्कृति में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में कर्मचारी संगठनों और एसोसिएशनों के पदाधिकारियों बी. एल. बैरवा, टी. आर. मीना, प्रेमनारायण और भरतलाल मीना ने भी अम्बेडकर के जीवन और विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने उनके योगदान को सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान डॉ. अम्बेडकर की जीवनी पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# अंबेडकर जयंती पर संविधान की चुनौतियों पर मंथन, युवाओं को जागरूक रहने का दिया संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** राजीव गांधी स्टडी सर्कल, भारत सेवा संस्थान एवं बियानी लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विषय 'वर्तमान में संविधान व संवैधानिक संस्थाओं के समक्ष चुनौतियां एवं संभावनाएं' रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कॉलेज के प्रोफेसर एवं मुख्य वक्ता प्रो. रतनलाल, विशिष्ट अतिथि जी.एस. बाफना (पूर्व महामंत्री, भारत सेवा संस्थान), पूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग बी.एम. शर्मा तथा सह-समन्वयक, राजीव गांधी स्टडी सर्कल के डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल उपस्थित रहे।इसके साथ ही बियानी कॉलेज के चेयरमेन डॉ. राजीव बियानी, निदेशक डॉ. संजय बियानी सहित कई गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वागत भाषण के दौरान विशिष्ट अतिथि जी.एस. बाफना (पूर्व महामंत्री, भारत सेवा संस्थान) ने संविधान के मूल्यों को समाज में स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने अनुच्छेद 14 और 19 का उल्लेख करते हुए कहा कि आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीमाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने के लिए संस्थाओं का मजबूत और निष्पक्ष होना जरूरी है।

उन्होंने चुनाव प्रक्रिया, राज्यों के अधिकार, और सार्वजनिक सेवकों की भूमिका पर चिंता जताई तथा कहा कि शिक्षा का अधिकार होने के बावजूद इसकी पूर्ण प्राप्ति के लिए संघर्ष जारी है। अंत में उन्होंने अहिंसा के माध्यम से बदलाव लाने की बात कही।वहीं हिन्दू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में मुख्य वक्ता प्रो. रतनलाल ने संविधान के सामने वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर विचारों में जीवित हैं, केवल मूर्तियों में नहीं, और

उन्होंने बताया कि संविधान के लिए सबसे बड़ी चुनौती तब पैदा होती है जब कानून और प्रशासन दोनों स्तरों पर समानता लागू नहीं होती।

साथ ही, उन्होंने कुछ संगठनों, विचारधाराओं, निजीकरण और कॉरपोरेट प्रभाव को भी संवैधानिक मूल्यों के लिए चुनौती बताया। अंत में उन्होंने जोर दिया कि संविधान के प्रभावी संचालन के लिए उसके सिद्धांतों को ईमानदारी से लागू करना आवश्यक है। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने उद्बोधन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि संविधान उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समानता के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी प्रावधान निर्धारित हैं, लेकिन वर्तमान समय में उसके सामने कई गंभीर चुनौतियाँ खड़ी हैं और देश में तानाशाही जैसी स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने थे, तब रोजगार के अवसर बढ़ने की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने डॉलर और रुपये के अंतर को कम करने के वादों का भी उल्लेख किया, जो अब तक पूरे नहीं हो सके हैं।टीकाराम जूली ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे कथनी और करनी के अंतर को समझें। उन्होंने कहा कि आज समाज में मेहनत और विकास के साथ-साथ जाति और धर्म की राजनीति भी हावी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज भी एकजुट है तो उसका मुख्य कारण हमारा संविधान है। इसलिए वर्तमान समय में संविधान की रक्षा करना और उसके सिद्धांतों का पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अध्यक्षीय उद्बोधन पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग बी.एम. शर्मा ने दिया, जिसमें उन्होंने युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बिना आपातकाल घोषित किए भी संविधान के उल्लंघन की स्थिति बन रही है। उन्होंने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन दिए जाने और देश को तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावों का उल्लेख करते हुए युवाओं से इन बातों को समझने और गंभीरता से सोचने की अपील की।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई और त्वरित समाधान के उद्देश्य से आज 16 अप्रैल को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की परिवेदनाओं को सीधे सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करेंगे। प्रशासन की ओर से जनसुनवाई को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। इसके अलावा जिले के सभी उपखंड अधिकारी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लेंगे। इससे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली शिकायतों और समस्याओं पर एक साथ विचार कर समाधान की प्रक्रिया को तेज किया जा सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। अधिकारी मौके पर ही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश जारी करेंगे और संबंधित विभागों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करेंगे।

जनसुनवाई से पहले प्रातः 10 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में समिति के समक्ष लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और उनके निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

प्रशासन के अनुसार, जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। इससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा।



# छोटा भीम ब्रांड के साथ निसिन ने लॉन्च किए नए मसाला नूडल्स

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**हैदराबाद।** ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड और इंडो निसिन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने साझेदारी के तहत 'निसिन छोटा भीम मसाला नूडल्स' लॉन्च किए हैं। इस उत्पाद के जरिए बच्चों के लिए तैयार इंस्टेंट नूडल्स श्रेणी में नया विकल्प पेश किया गया है। दोनों कंपनियों का उद्देश्य लोकप्रिय बच्चों के किरदार को उपभोक्ता उत्पादों के साथ जोड़ते हुए बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है।

इस सहयोग के तहत छोटा भीम फ्रैंचाइजी को फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) क्षेत्र में विस्तार दिया गया है। ग्रीन गोल्ड एनिमेशन के अनुसार यह कदम उसकी बौद्धिक संपत्तियों को रोजमर्रा की उपभोक्ता श्रेणियों में शामिल करने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जबकि निसिन के लिए यह बच्चों के बीच ब्रांड की पहुंच बढ़ाने का प्रयास है।

नए मसाला नूडल्स को बच्चों के स्वाद को ध्यान में रखते हुए हल्के फ्लेवर के साथ तैयार किया गया है। उत्पाद में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन किए जाने का दावा किया गया है। प्रत्येक पैक पर क्यूआर कोड दिया गया है, जिसके माध्यम से 'निसिन फनटास्टिक प्लेजोन' नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म तक पहुंच मिलती है। इस प्लेटफॉर्म पर छोटा भीम थीम आधारित मोबाइल गेम्स उपलब्ध हैं।

# सुरदास गिरावड़ी धाम में होंगे दो दिवसीय धार्मिक आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**उदयपुरवाटी।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बागोरा स्थित 'सुरदास गिरावड़ी धाम' में 17 व 18 अप्रैल 2026 को संत सुरदास जी महाराज की स्मृति में दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में जागरण, विशाल भंडारा एवं मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्री सूरदास सेवा समिति के लोकेश कुमार और दीपक वर्मा ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 17 अप्रैल 2026 शुक्रवार रात्रि 8:15 बजे सांस्कृतिक संध्या से होगी, जिसमें राजस्थान और हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। संत समाधि के महंत प्रकाश महाराज ने यह दावा किया है कि बाबा के दरबार में मत्था टेकने और तांती-भभूति लेने मात्र से कैंसर, लकवा, पथरी, गांठ, गठिया, चर्म रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित श्रद्धालु बाबा के दरबार में मन्नत मांग कर ठीक होने का आशीर्वाद लेते है। महंत के अनुसार यहाँ किसी तांत्रिक विद्या का प्रयोग नहीं होता, बल्कि यह केवल 'सिद्ध संत की सकलाई' का प्रभाव होने की मान्यता है। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के दावे मरीजों को सही समय पर उचित चिकित्सा उपचार लेने से भटका सकते हैं। फिर भी समाधि पर आने वाले श्रद्धालु ठीक होने का दावा करते हैं। मेले की पूर्व संध्या पर विशाल भजन संध्या में गायक लोकेश जिन्दोलिया, राजपाल भाटी सहित डांसर अंजली चौधरी हरियाणा, माही शेखावाटी, चिंकू राजस्थानी भीलवाड़ा, योगिता गुजरी सीकर तथा कॉमेडी के किंग रायसल छैला मुख्य आकर्षण होंगे। जो एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। शनिवार, 18 अप्रैल को सुबह 7:15 बजे से भंडारा एवं मेला शुरू होगा।




# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर निःशुल्क नोटबुक का वितरण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सांभरलेक।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत त्योद में आयोजित कार्यक्रम मे बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क नोटबुक और पेन वितरित किए गए। इस दौरान समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी।आयोजनकर्ता महेश वर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत सिनोदिया प्रशासक गिरधारी कुलहरि, समाजसेवी सुल्तान सिंह शेखावत, आरएलपी पार्टी के मानाराम ठोलिया,.सुरेंद्र जांगिड़, मोहन कस्बा,कन्हैयालाल नायक,राजकुमार वर्मा,सुधीर भहडा प्रत्याशी अध्यक्ष यूथ कांग्रेस फुलेरा विधानसभा व हंसराज शर्मा प्रत्याशी ब्लॉक अध्यक्ष यूथ कांग्रेस फुलेरा रहे। इस दौरान हंसराज शर्मा ने बताया कि आयोजकों ने जो यह कार्यक्रम किया बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम के तहत बच्चों को पुस्तके और पेन का वितरण भी किया गया और कार्यक्रम में आगे बढ़ने और शिक्षित होने के बारे में बताया।

# यूरो के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर।** यूरो इंटरनेशनल स्कूल, सीकर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कराते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। विद्यालय की छात्रा चेतना सोनी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। वहीं हिताक्षी शर्मा एवं दर्श काबरा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के 3 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत व उससे अधिक, 7 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत व उससे अधिक, 11 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत व उससे अधिक तथा 37 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। विद्यालय के निदेशक ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# विद्यार्थियों को विधिक अधिकार, कर्तव्य और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


» धौलपुर...शिविर के दौरान छात्रों को जानकारी देती सचिव रेखा यादव

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा स्कूली छात्रों के लिए ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूस्डे नामक एक विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोर छात्रों को उनके विधिक अधिकार, कर्तव्य और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक-विधिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना है। जिसके क्रम में सचिव रेखा यादव एवं प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी हर्षल वर्मा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोरदनियाल धौलपुर, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अनमोल तंवर द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विरौंधा धौलपुर, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अभिषेक गुर्जर द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बीलपुर एवं प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी तनुराग सिंह चौहान द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विपरपुर धौलपुर में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूस्डे नालसा थीम एक मुट्ठी आसमान एवं दहेज प्रथा के दुष्परिणामों के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव रेखा यादव एवं प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारीगणों ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे सावधान रहना अत्यंत आवश्यक है एवं किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने तथा मजबूत पासवर्ड उपयोग करने की विद्यार्थियों को जानकारी दी। साथ ही फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक वेबसाइट आदि से बचाव के उपाय बताए। साइबर अपराध होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को बताया कि साइबर अपराध कानून के अंतर्गत दंडनीय अपराध है और इससे बचाव के लिए सतर्कता ही सबसे बड़ा उपाय है। साथ ही कोर्ट वाली दीदी सुझाव पेटिका के बारे में भी बताया कि इस सुझाव पेटिका में बच्चे अपनी समस्या छेड़छाड़, डर, दबाव, साइबर समस्या आदि इस बॉक्स में लिखकर डाल सकते है। उस शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम कार्यवाही करके उसका हल निकालने की कोशिश करेगी साथ ही नालसा थीम 'एक मुट्ठी आसमान' जिसमें सभी को समान न्याय के बारे में बताते हुए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। साथ ही दहेज प्रथा के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया कि दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है, जो न केवल महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाती है, बल्कि कई बार घरेलू हिंसा, उत्पीड़न एवं मृत्यु जैसी गंभीर घटनाओं का कारण भी बनती है। दहेज लेना और देना दोनों ही कानूनन अपराध है आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**धौलपुर ।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन 18 अप्रैल शनिवार को किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि परीक्षा का आयोजन निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, पर्यवेक्षण व निगरानी, नकल अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 एवं आयोग द्वारा जारी अन्य परीक्षा संबंधी नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय पर विविध जानकारी के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 का 18 अप्रैल को प्रथम पारी प्रातः 11 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 51 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष नम्बर 05642-220033 रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य रहेगें। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष 16 एवं 17 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक तथा परीक्षा तिथि 18 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्यरत रहेगा।

# सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम में एवीएम विद्यालय ने मारी बाजी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**धौलपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम ने एवीएम कॉन्वेंट के विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी की चमक बिखेर दी। लंबे इंतजार के बाद जैसे ही परिणाम सामने आया, विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया।

इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए। कई छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष कार्यक्रम में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया । विद्यार्थियों में प्रमुख रहे।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद् वीरेंद्र कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्या अनीता त्यागी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें आगे भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी प्रतिबद्धता और लगन का प्रतिफल है। विद्यालय में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की और अपनी सफलता का उत्सव मनाया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय कवि संगम की काव्य गोष्ठी संपन्न

# 'मचकुंड धाम आकर कान्हा ने खुद है युद्ध किया, है धरा लौंगपुर की जिसकों देवों ने रहकर शुद्ध किया'

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


» धौलपुर.... काव्यगोष्ठी में उपस्थित कविगण

**धौलपुर।** धौलपुर स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले चाय बिस्किट कैफे पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें शहर के लगभग एक दर्जन से अधिक कवियों ने काव्यपाठ किया।

सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष हरेंद्र 'हर्ष' एवं जिलामंत्री बाबूलाल 'सागर' ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सैंपऊ से आए सुमधुर गीतकार बाबूलाल सागर ने मां शारदे की वंदना से की तत्पश्चात राहुल ' राज़ ' ने - 'काले नैना आपके चांदी जैसा रूप । जलती रहती देखकर दिनभर पागल धूप।। ' दोहा पढ़कर साहित्यिक माहौल बनाया । राम पट सारिया ने- 'आंसू के संग बह ना जाए इसीलिए ना रोए हम। स्वप्न तुम्हारे सभी सुरक्षित रखे हमारी आंखों में।। ' पंक्तियां पढ़कर वाह वाही लूटी। मनिया से आए सुरेंद्र शर्मा ने - 'मचकुंड धाम जिस पर आकर कान्हा ने खुद है युद्ध किया, है धरा लोंगपुर की जिसको देवों ने रहकर शुद्ध किया। जीवों का जीवन वनविहार जहां गुंजित मधुकर हैं, आओ सब मिलकर नमन करें यह जिला धौलपुर है।' कविता पढ़कर धौलपुर स्थापना दिवस को सार्थक किया। कार्यक्रम संयोजिका रजनी शर्मा ' मृदुल ' ने - मां तुम्हें कैसा राग सुनाऊं। तेरे प्यार के भावों को शब्दों में कह ना पाऊं। सुनाकर मां के महत्व को उजागर किया। संवेदनाओं के कवि पदम गौतम ने - सेठों से कंगाल पूछने लगते हैं। मेंढक भी सुर ताल पूछने लगते हैं। भाई भाई में अनबन हो जाए तो , दुश्मन घर का हाल पूछने लगते हैं। मुक्तक सुनाकर पारिवारिक रिश्तों की हकीकत बयां की । ओज के सशक्त हस्ताक्षर राजवीर सिंह क्रांति ने - शांति का आवरण ले वरण आ गया। कालनेमी ज्यों करने छरण आगया। भूल बैठा वो माया के मद में सभी, आगे ले चक्र धरती धरण आगया।। कविता सुनाकर ताज़ा हालत इजराइल और ईरान युद्ध की ओर ध्यान खींचा। कार्यक्रम का शानदार संचालन हरेंद्र ' हर्ष ' ने किया । अन्य कवियों में श्रीराम गोस्वामी, कुमार गौरव, नंदनी शर्मा, स्नेहा आदि उपस्थित रहे।

# गर्मी में आमजन बरतें एहतियात

## जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करना तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाये। सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जावे।

### यह है लक्षण

शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा में उसे ठंडा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

### जरूरी है सावधानी

जिला कलक्टर ने आमजन से गर्मी के चलते एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे ताकि श्रमिक थोड़ी-थोड़ी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।

# लेखक कबीर शरण ने भेंट की प्रतियोगिता दर्पण पुस्तक


» बाड़ी.... बच्चों को प्रतियोगिता दर्पण पुस्तक भेंट करते जिला कलेक्टर व एसडीएम

## जिला कलेक्टर ने की कार्यक्रम में शिरकत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में मंगलवार को डॉ.बी.आर.अंबेडकर की जयंती का आयोजन महाराणा प्रताप स्टेडियम मेला ग्राउंड बाड़ी में बड़ी धूमधाम से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर महोदय श्रीनिधि बीटी, विशिष्ट अतिथि पूर्व आईएएस पी .आर .मीणा एवं सीमा मीणा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीनिधि बेटी के द्वारा डॉ बी .आर .अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए अपने वक्तव्य अभिभाषण में बाबा साहब के द्वारा सामाजिक सुधारों को बताया तथा युवापीढ़ी को सोशल मीडिया से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री निधि बीटी द्वारा' बाबा साहब को जानो' प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र,मेडल, तथा नगद पुरस्कार राशि भेंट की । इसी अवसर पर बाड़ी के लेखक कबीर शरण द्वारा लिखी गई प्रतियोगिता दर्पण की पुस्तक 'राजस्थान का इतिहास एवं स्वतंत्रता आन्दोलन' प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप जिला कलेक्टर द्वारा भेंट की गई।

प्रतियोगिता में प्रथम रही छात्रा अनामिका सिंह को पुरस्कार स्वरूप एक साइकिल भी भेंट की गई। कार्यक्रम के पश्चात शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष श्री जे.पी.रावत जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर महाराणा प्रताप स्टेडियम से प्रारंभ किया गया जो बाड़ी मुख्य बाजारों से होते हुए महाराणा प्रताप स्टेडियम पर ही संपन्न हुई । इस कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य मानसिंह एवं योगेश पालीवाल के द्वारा संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व समाज के ख्याति प्राप्त एवं गणमान्य बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कारों की ओर लौटता समाज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** समय के साथ समाज बदलता है और कभी-कभी ये बदलाव हमें अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए भी दिखाई देता है। एक दौर था जब खुशी के अवसरों पर फिल्मी कलाकारों और पार्श्व गायकों को बुलाकर महफ़िल सजाना ही शान समझा जाता था।बड़े-बड़े कार्यक्रम,चमक-धमक और मनोरंजन ही खुशी की पहचान माने जाते थे।लेकिन आज का भारत एक अलग ही तस्वीर पेश कर रहा है। अब ऐसे ही शुभ अवसरों पर भजन-कीर्तन,पूजा-पाठ और नाम-जप का आयोजन सामान्य होता जा रहा है।लोग न केवल इसे अपनाने लगे हैं,बल्कि इसमें भाग लेने वालों और इसे करवाने वालों के प्रति सम्मान और श्रद्धा भी बढ़ी है।जो कभी मज़ाक का विषय माना जाता था,वही आज गर्व और आस्था का प्रतीक बनता जा रहा है। हाल ही में देश के एक बड़े उद्योगपति के बेटे के जन्मदिन पर भजन-कीर्तन का आयोजन सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा। यह केवल एक घटना नहीं,बल्कि बदलती सोच और संस्कारों की गहराई का संकेत है। वास्तव में,यह बदलाव केवल बाहरी नहीं है,बल्कि लोगों के मन और विचारों में भी गहराई तक उतर चुका है।आधुनिकता के बीच अपनी संस्कृति,परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों की ओर यह झुकाव एक सकारात्मक संकेत है। मन को सुकून मिलता है यह देखकर कि भारतीय समाज धीरे-धीरे ही सही,लेकिन अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है,जहाँ उत्सव केवल दिखावे का नहीं,बल्कि आत्मिक शांति और श्रद्धा का माध्यम बनते जा रहे हैं।

# जनगणना 2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित


» धौलपुर....प्रशिक्षण में ट्रेनर्स को निर्देश देते जिला कलक्टर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु जिले के 46 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दो चरणों में 15 से 17 अप्रैल एवं 20 से 22 अप्रैल तक प्रातः 9.30 से सायं 6 तक आयोजित किया जा रहा है जिसके प्रथम चरण का आयोजन 23 फील्ड ट्रेनर्स को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के उद्बोधन के साथ किया। जिसमें जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिसके माध्यम से देश की सामाजिक आर्थिक एवं जनसंख्या से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। उन्होने सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें एवं प्रत्येक बिंदु को भलीभांति समझें जिससे पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य हेतु गुणवत्तापूर्ण, त्रुटीरहित प्रशिक्षण प्रदान किया सके एवं किसी भी कार्य की पूर्णता एवं परिणाम उस दल की निचले स्तर पर लगे कर्मचारी की क्रियाशीलता एवं प्रदर्शन पर निर्भर करती है। इसलिए जनगणना कार्य के जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का दक्षतापूर्ण प्रशिक्षण जनगणना कार्य का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन होने के लिए महत्वपूर्ण है। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लागू करने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी एवं उप जिला कलक्टर धौलपुर एवं उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उपस्थित रहे। उप जिला जनगणना अधिकारी राजेश कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि फील्ड ट्रेनर्स, आगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देते समय पूर्ण जिम्मेदारी एवं सावधानी बरतें, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता उच्च स्तर की बनी रहे और जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

# जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में 16 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 11 बजे सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई तथा सतर्कता समिति में दर्ज लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# आजाद मिर्जा का प्रदेश कांग्रेस कमेटी जयपुर में सम्मान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जयपुर स्थित पीसीसी कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) द्वारा 'संविधान जागरूकता एवं एकता सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी के नव-नियुक्त प्रदेश कॉर्डिनेटर आजाद मिर्जा का शाल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन लियाकत अली झालावाड़ एवं सलमा पिनारा द्वारा किया गया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के संयोजक एडवोकेट शगीर अहमद ने सही भी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कानोड़िया कॉलेज में कॉरपोरेट्स एवं स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय प्रबंधन कौशल पर हुआ व्याख्यान

**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय में बुधवार को आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन (ई.ए.एफ.एम.) विभाग द्वारा संस्थान के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से 'कॉरपोरेट्स एवं स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय प्रबंधन कौशल' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की पूर्व छात्रा सुश्री सुरभि सिंघल रहीं, जो एक डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ एवं डीब्रांडकैंप की संस्थापक हैं। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन के व्यावहारिक एवं समकालीन पहलुओं से अवगत कराया।

# जयपुर में 'सफाई सेवा मैराथन-2026' का आगाज, 18 अप्रैल से 13 जोन के 150 वार्डों में चलेगा महाअभियान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा की पहल पर आगामी शनिवार (18 अप्रैल 2026) को अब तक का सबसे बड़ा स्वच्छता का महाभियान ''सफाई सेवा मैराथन-2026'' का आगाज होगा। जहां आयुक्त सहित नगर निगम की पूरी टीम सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक 13 जोन के 150 वार्डो में फील्ड पर होगी। आयुक्त ने बुधवार को इस अभियान की कार्ययोजना के संबंध में सभी जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों, अधिषाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, सीएसआई की बैठक ली। आयुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अवसर पर मॉटिवेट भी किया। सभी सीएसआई ने हाथ उठाकर इस अभियान को सफल बनाने के लिये प्रण भी लिया। शनिवार को प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक 'सफाई सेवा मैराथन' का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत शहर के कोने-कोने में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में हर अधिकारी और कर्मचारी एक ही लक्ष्य के साथ कार्य करेगा 'स्वच्छ जयपुर, सुंदर जयपुर '। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि सफाई सेवा मैराथन-2026 में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सीएसआई को प्रोत्साहन राषि प्रदान कर सम्मानित भी किया जायेगा। सीएसआर के तहत राजस्थान सोलर एसोसिएषन द्वारा यह प्रोत्साहन राषि दी जा रही है। प्रथम स्थान पर आने वाले सीएसआई को प्रोत्साहन राषि 21 हजार रूपये इसके साथ ही उस सीएसआई की टीम के अन्य एसआई को 11 हजार रूपये प्रत्येक जमादार को 11 सौ रूपये मिलेगे। इसी प्रकार दूसरे स्थान पर आने वाले सीएसआई को 11 हजार रूपये तथा उसकी टीम के एसआई को 51 सौ रूपये एवं प्रत्येक जमादार को 11 सौ रूपये मिलेगा। इसी प्रकार तृतीय स्थान पर आने वाले सीएसआई को 51 सौ रूपये उस सीएसआई की टीम के अन्य एसआई को 21 सौ रूपये एवं प्रत्येक जमादार को 11 सौ रूपये मिलेगा।

आयुक्त ने बताया कि इस विषेष सफाई अभियान के जरिये नगर निगम की पूरी टीम जयपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा और प्रभावी कदम उठाने जा रही है। अभियान को प्रतिस्पर्धात्मक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए कार्य के आधार पर ष्टस्ढ्ढ की रैंकिंग तय की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ष्टस्ढ्ढ को 'स्वच्छता हीरो' ''स्टार ऑफ नगर निगम'' के रूप में सम्मानित किया जाएगा तथा अगले एक माह तक नगर निगम में उनकी फोटो भी होर्डिग के रूप में लगाई जायेगी जिससे अन्य कर्मचारी भी प्रेरणा ले सके।

आयुक्त ने विश्वास जताया कि निगम की यह पहल न केवल शहर की सफाई व्यवस्था को नई दिशा देगी, बल्कि 'स्वच्छ जयपुर' के सपने को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल, जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त, अधिषाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, सीएसआई सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# संपादकीय

## बातचीत क्यों हुई नाकाम?

किसी भी जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद के समाधान के लिए पहले विश्वास कायम होना आवश्यक है, तभी सार्थक और स्थायी हल संभव हो सकता है। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत नाकाम रहने का एक प्रमुख कारण यह था कि दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद गहरे अविश्वास को दूर करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। ईरान और अमेरिका के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, जिनमें राजनीतिक, सामरिक और वैचारिक मतभेद गहराई से जुड़े हुए हैं। ऐसे में पहले पर्दे के पीछे से कूटनीतिक और छोटे-छोटे समझौते पर आगे बढ़ने की जरूरत थी, लेकिन सीधे औपचारिक वार्ता शुरू कर दी गई और यही कारण था कि लंबी वार्ता के बावजूद संवाद सकारात्मक दिशा में आगे नहीं बढ़ पाया। अंततः वार्ता निष्फल रही। दोनों पक्ष एक-दूसरे की मांगों को लेकर सहमत नहीं हुए और शांति की उम्मीदें क्षीण पड़ गईं।

पाकिस्तान भले ही कूटनीतिक पहल कर अमेरिका और ईरान को वार्ता के लिए एक मंच पर ले आया था, लेकिन उसके पास इतना प्रभाव नहीं है कि वह समझौते के उल्लंघन की स्थिति में किसी पक्ष पर दबाव बना सके। उसकी आंतरिक आर्थिक चुनौतियां और सीमित वैश्विक प्रभाव की वजह से वह एक प्रभावी मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकता। मध्य पूर्व को युद्ध के खतरे से बाहर निकालने के लिए संवाद और विश्वास बहाली बहुत आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय तनाव को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक साधन है, पर इसकी सफलता काफी हद तक उस मध्यस्थ देश की शक्ति, विश्वसनीयता और प्रभाव पर निर्भर करती है। केवल वार्ता की मेज पर दोनों पक्षों को बैठा देना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि यह भी आवश्यक है कि मध्यस्थ देश समझौते के क्रियान्वयन का भरोसा दिला सके।

अमेरिका के प्रस्ताव में ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने, मिसाइल क्षमता घटाने, होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने, क्षेत्रीय सशस्त्र समूहों को समर्थन बंद करने और चरणबद्ध प्रतिबंधों में ढील स्वीकार करने की बात कही गई थी। ईरान की जमीन पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोकने और संवर्धित किए गए यूरेनियम को सौंपने की मांग प्रमुखता से की गई। इजराइल और अमेरिका को आशंका है कि इस सामग्री का इस्तेमाल परमाणु बम बनाने में हो सकता है। वहीं, ईरान भविष्य में सैन्य कार्रवाई न करने की गारंटी देने, युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करने, सहयोगी समूहों सहित सभी मोर्चों पर शत्रुता समाप्त करने और होर्मुज जलमार्ग पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देने की मांग कर रहा है।अमेरिका के सहयोगी देश ईरान को सामरिक और वैचारिक कारणों से खतरनाक मानते हैं। उन्हें आशंका है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित कर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बिगाड़ सकता है, वहीं विध्वंसक हथियार अलगाववादी समूहों को सौंप कर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ा सकता है। ईरान, इराक, सीरिया और लेबनान में विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को समर्थन देता है, जिसे अमेरिका और उसके सहयोगी अस्थिरता फैलाने वाला मानते हैं। इससे क्षेत्र में परोक्ष युद्ध और तनाव बढ़ता है। ईरान का इजराइल विरोधी रुख और सऊदी अरब के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता भी चिंता का विषय है। इससे क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना बनी रहती है। खाड़ी क्षेत्र में तेल टैंकरों पर हमलों और समुद्री मार्गों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों ने भी ईरान की छवि को जोखिमपूर्ण बनाया है।

ईरान, अमेरिका और इजराइल को अपने प्रमुख विरोधी के रूप में देखता है, जबकि इजराइल को वह एक अवैध देश और अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ईरान का मानना है कि ये दोनों देश मध्य पूर्व में उसकी शक्ति और प्रभाव को सीमित करना चाहते हैं। इस्लामाबाद में बातचीत विफल होने के बाद एक बार फिर ईरान को लेकर संकट गहरा गया है। यदि अब संघर्ष भीषण रूप लेता है, तो इसके व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक परिणाम हो सकते हैं।

“महिला विधेयक का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने की क्षमता है। जब युवा लड़कियां महिलाओं को अधिकार के पदों पर देखती हैं, तो यह उनकी आकांक्षाओं को नया रूप देता है। यह एक स्पष्ट संदेश देता है: नेतृत्व को लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि क्षमता, दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प से परिभाषित किया जाता है। यह मनोवैज्ञानिक बदलाव उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि विधेयक में प्रस्तावित संरचनात्मक परिवर्तन”

# महिला विधेयकः समावेशी नेतृत्व का नया युग

**डॉ विजय गर्ग**



महिलाओं का विधेयक केवल एक विधायी सुधार नहीं है। यह समाज में सत्ता को समझने, वितरित करने और प्रयोग करने के तरीके में एक गहन परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है। अपने मूल में, यह विधेयक लंबे समय से चली आ रही संरचनाओं को चुनौती देता है, जिसने ऐतिहासिक रूप से निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को सीमित कर दिया है। अधिक प्रतिनिधित्व और समानता की वकालत करके, यह सत्ता को समावेशी, संतुलित और सम्पूर्ण जनसंख्या का प्रतिनिधि के रूप में पुनः परिभाषित करने का प्रयास करता है।दशकों से, महिलाओं ने परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, फिर भी औपचारिक राजनीतिक और संस्थागत स्थानों पर उनकी उपस्थिति असमान रूप से कम रही है। महिला विधेयक इस असंतुलन को दूर करता है, तथा यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को उचित स्थान मिले। इसमें यह माना गया है कि जब आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो तो सच्चा लोकतंत्र अस्तित्व में नहीं आ सकता।सत्ता को पुनः परिभाषित करने का अर्थ मानसिकता बदलना भी है। परंपरागत रूप से, शक्ति को प्रभुत्व और नियंत्रण के साथ जोड़ा जाता है। गुण अक्सर पुरुषार्थ में ढाले जाते हैं। महिला विधेयक नेतृत्व के बारे में अधिक सहयोगात्मक और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। महिला नेता अक्सर सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक विकास पर आधारित दृष्टिकोण लाते हैं। उनका समावेश नीतिगत प्राथमिकताओं को व्यापक बनाता है तथा अधिक समग्र शासन की ओर ले जाता है।

महिला विधेयक का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने की क्षमता है। जब युवा लड़कियां महिलाओं को अधिकार के पदों पर देखती हैं, तो यह उनकी आकांक्षाओं को नया रूप देता है। यह एक स्पष्ट संदेश देता है: नेतृत्व को लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि क्षमता, दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प से परिभाषित किया जाता है। यह मनोवैज्ञानिक बदलाव उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि विधेयक में प्रस्तावित संरचनात्मक परिवर्तन।

हालाँकि, ऐसे कानून की सफलता न केवल उसके पारित होने पर निर्भर करती है बल्कि इसके कार्यान्वयन पर भी निर्भर करती है। सामाजिक बाधाएं, सांस्कृतिक पूर्वाग्रह और संस्थागत प्रतिरोध अभी भी प्रगति में बाधा डाल सकते हैं। इसलिए, कानूनी सुधारों के साथ-साथ, सभी स्तरों पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, जागरूकता और क्षमता निर्माण में निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।

आलोचक कभी-कभी तर्क देते हैं कि आरक्षण या कोटा योग्यता को कमजोर कर देता है। हालाँकि, यह दृष्टिकोण उन प्रणालीगत बाधाओं को नजरअंदाज करता है जो ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को अवसरों तक पहुंचने से रोकती रही हैं। महिला बिल योग्यता का स्थान नहीं लेता है। यह एक समान खेल का मैदान बनाता है जहां योग्यता वास्तव में चमक सकती है।अंततः, महिला विधेयक सत्ता को विशिष्टता से समावेशीता की ओर पुनः परिभाषित करने के बारे में है। यह इस बात को स्वीकार करने के बारे में है कि विविध आवाजें मजबूत निर्णयों और अधिक लचीले समाजों की ओर ले जाती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाकर यह विधेयक लोकतंत्र को ही मजबूत करता है।

मूल प्रावधान यह विधेयक (अब 106वां संशोधन अधिनियम) कई संरचनात्मक परिवर्तन प्रस्तुत करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं न केवल भागीदार हों, बल्कि सत्ता में हितधारक भी हों मात्रात्मक बदलावः लोकसभा और राज्य सभाओं (दिल्ली विधानसभा सहित) में 33% सीटें आरक्षित।

उप-आरक्षणः अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) से महिलाओं के लिए कोटा के भीतर एक कोटा शामिल है।

सनसेट क्लॉजः आरक्षण को शुरू में 15 वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है, जिससे इसकी प्रभावशीलता की समय-समय पर समीक्षा की जा सकेगी और यह आशा जताई जा सकती है कि लैंगिक समानता अंततः आत्मनिर्भर हो जाएगी।

रोटेशनल नीतिः प्रत्येक सीमांकन अभ्यास के बाद आरक्षित सीटों को घुमाया जाएगा ताकि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

यह शक्ति को पुनः परिभाषित क्यों करता है राजनीतिक विश्लेषकों और नेताओं का तर्क है कि यह विधेयक तीन अलग-अलग तरीकों से 'सत्ता के व्याकरण' को बदलता है 1। 'प्रॉक्सी' से लेकर 'प्रिंसिपल' तक अतीत में स्थानीय पंचायत स्तर पर महिलाओं के आरक्षण के आलोचक 'सरपंच पाटी' घटना की ओर इशारा करते थे (जहां पति अपनी चुनी हुई पत्नियों के माध्यम से शासन करते हैं)। हालांकि, 2023 अधिनियम उच्च विधायी निकायों को लक्षित करता है, जहां मीडिया की जांच और नीति निर्माण की जटिलता प्रत्यक्ष नेतृत्व की मांग करती है। यह राजनीतिक दलों को महिलाओं का एक नेतृत्व पाइपलाइन बनाने के लिए मजबूर करता है, जो कानून पर बहस कर सकें, बजट प्रबंधित कर सकें और मंत्रालयों का नेतृत्व कर सकें।

2। विधायी एजेंडा बदलना वैश्विक अध्ययनों से पता चलता है कि नेतृत्व में महिलाएं अक्सर पारंपरिक 'कठिन' बुनियादी ढांचे की तुलना में 'सामाजिक बुनियादी ढांचे', स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पेयजल को प्राथमिकता देती हैं। 33% के महत्वपूर्ण आंकड़े तक पहुंचकर, महिलाएं मौन अल्पसंख्यक होने से एक मतदान समूह में बदल सकती हैं, जो राष्ट्रीय एजेंडे को अधिक समावेशी, कल्याण-उन्मुख नीतियों की ओर मोड़ सकता है।

3। राजनीतिक संस्कृति में बदलाव यह विधेयक राजनीतिक दल की संरचनाओं के 'पुराने लड़कों के क्लब' स्वरूप को चुनौती देता है। चूंकि 33% सीटें महिलाओं द्वारा भरी जानी चाहिए, इसलिए पार्टियां अब यह तर्क नहीं दे सकतीं कि उन्हें 'जीत पाने योग्य' महिला उम्मीदवार नहीं मिल सकते। यह लिंग को राजनीतिक रणनीति के केंद्रीय स्तंभ के रूप में संस्थागत बनाता है, न कि एक बाद की बात के रूप में। कार्यान्वयन का मार्ग हालांकि यह विधेयक एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, लेकिन सत्ता पर इसका वास्तविक प्रभाव दो 'ट्रिगर्स' पर निर्भर करता है

जनगणनाः आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही प्रभावी होगा।

सीमांकनः जनगणना के बाद, सीटों को आधिकारिक तौर पर आरक्षित करने से पहले एक सीमा निर्धारण अभ्यास (निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का पुनः चित्रण) किया जाना चाहिए।

'यह केवल प्रतिनिधित्व के बारे में नहीं है; यह सत्ता को पुनः परिभाषित करने के बारे में है। भारत सिर्फ एक ऐतिहासिक अन्याय को सही नहीं कर रहा है, बल्कि अपने लोकतांत्रिक वादे का चक्र पूरा कर रहा है। वर्तमान स्थिति (2026 संदर्भ) 2026 की शुरुआत तक, विधेयक पारित होने से हटकर जनगणना और सीमा निर्धारण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अब बहस इस बात पर केंद्रित है कि 'शक्ति को पुनः परिभाषित करने' में विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाएं भी शामिल हों, जिसमें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) उप-कोटा की मांग भी शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नई शक्ति संरचना यथासंभव प्रतिनिधि हो

शक्ति को पुनः परिभाषित करते हुए, हम इसे किसी से नहीं छीन रहे हैं। हम इसे सभी को शामिल करने के लिए विस्तारित कर रहे हैं। डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# एक व्यक्ति की निजी जरूरत से शुरू हुई कहानी, जो पूरे समाज के काम आ गई

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि हम अपना स्वार्थ पूरा करना चाहते हैं और उसी से परमार्थ भी हो जाता है। बस शर्त इतनी है कि उस स्वार्थ का हेतु स्वयं के लिए कुछ पाने का भाव होना चाहिए, न कि किसी अन्य से कुछ छीनने का भाव। ऐसा करने पर अनजाने में ही हम किसी और का भी भला कर जाते हैं। स्वार्थ और परमार्थ- ये दोनों शब्द हमारे सामाजिक-नैतिक विमर्श में प्रायः आमने-सामने खड़े कर दिए जाते हैं।

स्वार्थ को संकीर्ण, आत्मकेंद्रित और नकारात्मक माना जाता है, जबकि परमार्थ को त्याग, उदारता और उच्च नैतिकता का पर्याय समझा जाता है। यही कारण है कि स्वार्थ का उच्चारण करते ही संदेह की छाया गहराने लगती है और परमार्थ का उल्लेख होते ही आदर्शवाद का आभामंडल बन जाता है। मगर जीवन का यथार्थ इन दोनों के बीच इतनी सरल और कठोर रेखा खींचने की अनुमति नहीं देता।दरअसल, प्रश्न यह नहीं है कि स्वार्थ अच्छा है या बुरा, प्रश्न यह है कि स्वार्थ का स्वरूप क्या है। अगर स्वार्थ का अर्थ केवल इतना हो कि मैं अपने लिए कुछ करूं, अपने जीवन को बेहतर बनाऊं, अपनी जरूरतों और आकांक्षाओं की पूर्ति करूं, तो इसमें कोई अनैतिकता नहीं है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब यह स्वार्थ दूसरों के हिस्से का अधिकार छीनने लगे, संसाधनों पर एकाधिकार जमाने लगे या किसी और के जीवन को संकुचित कर दे। इस बिंदु पर स्वार्थ विकृत हो जाता है। पर जब स्वार्थ छीनने की नहीं, बल्कि सृजन करने की प्रक्रिया बन जाता है, तब वह अनायास ही परमार्थ का रूप धारण कर लेता है।

**रूपांतरण स्वाभाविक, सहज और लगभग अदृश्य होता है**

यह रूपांतरण किसी घोषणा, संकल्प या प्रचार के माध्यम से नहीं होता, यह स्वाभाविक, सहज और लगभग अदृश्य होता है। शासकीय सेवा से अवकाश ग्रहण करने के बाद एक व्यक्ति अपने गृह नगर के एक फार्महाउस में रहने चले गए। वहां एक पुराना कुआं था, पक्का और गहरा, लेकिन लगभग सूखा। केवल वर्षा के दिनों में उसमें थोड़ा-बहुत पानी इकट्ठा हो पाता, जो कुछ ही समय में समाप्त भी हो जाता। प्रकृति प्रेम के साथ बागवानी उनका शौक था और हरियाली उनके लिए जीवन की आवश्यकता।मगर जल के अभाव में पेड़-पौधे मुरझाने लगे। चिंता स्वाभाविक थी। उसी चिंता से एक विचार ने जन्म लिया कि अगर छत पर गिरने वाले वर्षा जल को व्यवस्थित रूप से कुएं में पहुंचा दिया जाए, तो शायद स्थिति बदल सके। उद्देश्य न तो पर्यावरण आंदोलन था, न सामाजिक सेवा का कोई बड़ा संकल्प। केवल इतना था कि अपने पेड़-पौधों को पानी मिल जाए। छत से पानी के संग्रहण की व्यवस्था की गई। परिणाम धीरे-धीरे सामने आने लगे। कुआं वर्ष भर पानी से भरा रहने लगा। हरियाली लौट आई। पक्षी आने लगे। फार्महाउस जीवन के सुरमई संगीत से भर उठा।इस निजी समाधान की गूंज यहीं तक सीमित नहीं रही। आसपास के घरों के बोरवेल भी फिर से पानी से भरने लगे। भूजल स्तर सुधरा। जिन पड़ोसियों ने कभी इस प्रयास को केवल एक निजी व्यवस्था समझा था, वे अनजाने ही उसके लाभार्थी बन गए। फल-फूल केवल फार्महाउस तक सीमित नहीं रहे, पड़ोसी, रिश्तेदार और पशु-पक्षी भी उसमें सहभागी हो गए। स्वार्थ अब परमार्थ में बदल चुका था, बिना किसी उद्घोषणा के।

हमारे आसपास ऐसे अनेक प्रसंग बिखरे पड़े होंगे, जिन्हें हम अक्सर सामान्य मानकर अनदेखा कर देते हैं। कोई व्यक्ति अपने घर की सुरक्षा के लिए कुछ इंतजाम करता है, तो उससे आसपास का इलाका भी सुरक्षित हो जाता है। उद्देश्य निजी सुरक्षा होती है, परिणाम सामूहिक सुरक्षा। इसी प्रकार, कोई बुजुर्ग दंपति अपने घर के बाहर बैठने के लिए एक शेड और बेंच लगवाते हैं, ताकि शाम की सैर के बाद विश्राम मिल सके। धीरे-धीरे वही स्थान राहगीरों, बच्चों और थके-मांदे मजदूरों का आश्रय बन जाता है। किसी ने परमार्थ का संकल्प नहीं लिया था, पर परमार्थ घटित हो गया।

इसी तरह, एक सेवानिवृत्त शिक्षक केवल अपनी मानसिक सक्रियता बनाए रखने के लिए आस-पड़ोस के बच्चों को पढ़ाने लगता है। कुछ ही समय में वह पूरे मोहल्ले के लिए आशा का केंद्र बन जाता है। परीक्षा परिणाम सुधरते हैं, आत्मविश्वास बढ़ता है और एक पीढ़ी को दिशा मिलती है। यहां भी स्वार्थ और परमार्थ के बीच की रेखा धुंधली पड़ जाती है।जाहिर है, परमार्थ कोई अलग से ओढ़ी जाने वाली नैतिक चादर नहीं है। वह उसी कर्म से जन्म लेता है, जो संवेदनशील स्वार्थ से प्रेरित होता है। जब व्यक्ति अपने हित की पूर्ति इस प्रकार करता है कि उसमें प्रकृति, समाज और अन्य मनुष्यों के अस्तित्व के लिए स्थान बचा रहे, तब उसका कर्म सीमाओं को तोड़ देता है। दरअसल, समाज को समस्या स्वार्थ से नहीं, संकीर्ण स्वार्थ से है। व्यापक स्वार्थ वह है जो समझता है कि मेरा हित दूसरों के हित से अलग होकर स्थायी नहीं रह सकता।

स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित मोहल्ला, शिक्षित समाज, संतुलित प्रकृति, ये सभी आखिर व्यक्तिगत जीवन को ही बेहतर बनाते हैं। इस दृष्टि से देखा जाए, तो परमार्थ दरअसल स्वार्थ का ही एक विस्तारित रूप है। शायद जीवन हमें यह नहीं सिखाता कि स्वार्थ का त्याग करो, बल्कि यह सिखाता है कि स्वार्थ को इतना संकुचित मत बनाओ कि उसमें परमार्थ के लिए स्थान ही न बचे। जब स्वार्थ में विवेक, करुणा और साझेदारी का भाव जुड़ जाता है, तब वह अकेले का लाभ नहीं रह जाता,वह सामूहिक कल्याण में परिवर्तित हो जाता है। यही स्वार्थ का सबसे सुंदर और सार्थक रूप है, जो बिना नाम लिए, बिना श्रेय मांगे, परमार्थ बन जाता है।

# शांत हिमाचल में बढ़ती अपराध की छाया
## नशा, हिंसा और कानून पर उठते सवाल

**मंडी जिले के सरकाघाट में सोमवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कालेज जा रही एक छात्रा की दिन-दहाड़े गला रेत कर हत्या कर दी गई और हमलावर मौके से फरार हो गया। खबरों के मुताबिक, आरोपी वारदात के वक्त नशे की हालत में था**

हिमाचल प्रदेश को शांतिप्रिय राज्य माना जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों से यहां अपराध और नशीले पदार्थों का जाल जिस तरह से फैल रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। खासकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती लत इस समस्या को और गहरा कर रही है।



मंडी जिले के सरकाघाट में सोमवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कालेज जा रही एक छात्रा की दिन-दहाड़े गला रेत कर हत्या कर दी गई और हमलावर मौके से फरार हो गया। खबरों के मुताबिक, आरोपी वारदात के वक्त नशे की हालत में था,

जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सवाल है कि आखिर समाज में कानून का खौफ और मानवीय मूल्य क्यों खत्म होते जा रहे हैं? जाहिर है कि इसके पीछे सुरक्षा एजंसियों का ढुलमुल रवैया और लापरवाही भी जिम्मेदार है।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे पहले हमीरपुर जिले में भी पिछले साल नवंबर में ऐसी ही एक घटना सामने आई थी। नशे की हालत में एक किशोर ने खेत में काम कर रही महिला पर दराती से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। कुछ दिन बाद अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सरकाघाट में हुई वारदात के पीछे क्या कारण थे, इसका पता तो जांच के बाद ही चल पाएगा, लेकिन पुलिस को आशंका है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है।

सवाल है कि अगर आरोपी को इस कदर नशे की लत थी, तो उसके परिवार या आस-पड़ेस के लोगों ने समय रहते इस संबंध में पुलिस या किसी अन्य संस्था को सूचना क्यों नहीं दी? इसमें दोराय नहीं कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए न केवल कानूनी, बल्कि सामाजिक मोर्चे पर भी काम करने की जरूरत है। पुलिस की भी जिम्मेदारी है कि अपराध का कारण बन रहे नशीले पदार्थों के अवैध कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# महंगाई काबू में या नियंत्रण से बाहर? बढ़ते दामों के बीच आम आदमी की जेब पर दोहरी मार

**जब आय के साधन सीमित हों, तो आम आदमी की यही अपेक्षा होती है कि जरूरी वस्तुओं के दाम उसकी पहुंच में हों, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा न हो।मगर हाल के वर्षों में आमदनी उस स्तर पर नहीं बढ़ी है, जितनी तेजी से वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसद हो गइ**

यह विचित्र बात है कि एक ओर सरकार महंगाई को नियंत्रण में रखने का दावा करती है, तो दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी पर जरूरी खर्च में कटौती और आर्थिक परेशानियों के रूप में देखने को मिल रहा है। जब आय के साधन सीमित हों, तो आम आदमी की यही अपेक्षा होती है कि जरूरी वस्तुओं के दाम उसकी पहुंच में हों, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा न हो।मगर हाल के वर्षों में आमदनी उस स्तर पर नहीं बढ़ी है, जितनी तेजी से वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसद हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 फीसद के स्तर पर थी। खबरों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न संकट के कारण खुदरा महंगाई में वृद्धि हुई है। मगर सवाल है कि अगर सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित या स्थिर करने के लिए उचित कदम उठा रही है, तो फिर महंगाई में उछाल कैसे आ रहा है?यह बात छिपी नहीं है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। रोजगार और आय के मामले में देश की बड़ी आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। आमदनी में स्थिरता और घटती क्रयशक्ति की स्थिति में जब आवश्यक वस्तुओं पर आम लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उनके लिए परेशानियां पैदा होना स्वाभाविक है। दरअसल, मार्च में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि उपभोक्ताओं की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। यही कारण है कि रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते वक्त खुदरा महंगाई को ही आधार बनाता है। सरकार का दावा है कि खुदरा महंगाई अभी रिजर्व बैंक के चार फीसद के औसत अनुमान से नीचे बनी हुई है। मगर, यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर महंगाई दर चार फीसद के दायरे से ऊपर जाती है, तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है।आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में फरवरी की तुलना में महंगाई दर का बढ़ना पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती प्रभाव का संकेत है। यानी अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध का मोर्चा फिर से खुलता है और यह स्थिति लंबे समय तक रहती है, तो आवश्यक वस्तुओं के दाम किस तेजी से बढ़ेंगे, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में आलू-प्याज और कुछ दालों की कीमतों की महंगाई दर घटी है, लेकिन सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई।

बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा महंगाई मार्च में 1.65 फीसद रही, जबकि फरवरी में यह 1.52 फीसद के स्तर पर थी। यानी आम लोगों के लिए राहत कम और मुश्किलें ज्यादा बढ़ी हैं। यही नहीं, शहरी इलाकों में 3.11 फीसद की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 3.63 फीसदी रही, जहां रोजगार और आय के साधन सीमित होते हैं। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस उपाय नहीं किए, तो आने वाले दिनों में यह संकट और ज्यादा गहराएगा।मार्च 2026 में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.4% हो गई, जो फरवरी में 3.21% थी। यानी एक महीने में महंगाई दर में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। समाचार एजेंसी भाषा के अनुसार, सरकारी आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87% रही जो पिछले महीने के 3.47% से ज्यादा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खुदरा महंगाई क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11% दर्ज की गई।



# अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख का जुर्माना

## चेन्नई के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते कार्रवाई

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 22वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर स्लोओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान कोलकाता की टीम तय समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी। आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण बीसीसीआई ने कप्तान पर यह एक्शन लिया है।

**केकेआर का सीजन का यह पहला स्लोओवर रेट है**

मैच के बाद जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सीजन का पहला अपराध था।

नियमों के अनुसार, सीजन की पहली गलती होने के कारण कप्तान अजिंक्य रहाणे पर केवल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया गया। अगर टीम दोबारा ऐसी गलती करती है, तो जुर्माने की रकम बढ़ जाएगी और टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी मैच फीस का जुर्माना लग सकता है।



**क्या है स्लो ओवर रेट का नियम?**

आईपीएल के नियमों के अनुसार, हर टीम को 20 ओवर फेंकने के लिए एक निश्चित समय (डेढ़ घंटा या 90 मिनट, जिसमें रणनीतिक ब्रेक शामिल हैं) दिया जाता है। अगर पारी खत्म होने तक टीम निर्धारित समय से पीछे रहती है, तो इसे 'स्लो ओवर रेट' माना जाता है। फील्ड पर मौजूद अंपायर और मैच रेफरी इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। कप्तान की जिम्मेदारी होती है कि वह खेल की रफ्तार बनाए रखे।

**अगली गलती पर लग सकता है बैन**

आईपीएल नियमों के मुताबिक, अगर रहाणे की टीम सीजन में दूसरी बार स्लो ओवर रेट की गलती करती है, तो कप्तान पर 24 लाख रुपये और टीम के बाकी सदस्यों पर मैच फीस का 25% या 6 लाख रुपये (जो भी कम हो) जुर्माना लगेगा।

# बार्सिलोना चैंपियंस लीग से बाहर हुई, एटलेटिको मैड्रिड ने 3-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया

**नई दिल्ली।** चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराया, लेकिन कुल स्कोर 3-2 रहने से टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पहले लेग में एटलेटिको ने 2-0 की जीत हासिल की थी, जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। इस जीत की बदौलत वह एग्रीगेट स्कोर पर 3-2 से आगे रही।

एटलेटिको मैड्रिड 2017 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। अब अगले दौर में उनका मुकाबला आर्सेनल या स्पोर्टिंग लिस्बन में से किसी एक से होगा।

**शुरुआती 24 मिनट में बार्सिलोना ने बनाए दो गोल**

मैच के शुरुआती 24 मिनटों में ही बार्सिलोना ने दो गोल कर बढ़त बना ली थी। चौथे मिनट में ही युवा खिलाड़ी लेमिन यमल ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने एटलेटिको के डिफेंडर क्लेमेंट लेंगलेट की गलती का फायदा उठाया। इसके बाद 24वें मिनट में फेरान टॉरेस ने दानी ओल्मो के पास पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड ने हार नहीं मानी और मैच में वापसी की।



**एडमोला लुकमैन का गोल टर्निंग पॉइंट बना**

मैच का सबसे अहम मोड़ 31वें मिनट में आया। मार्कोस लोरेंटे के पास पर एडमोला लुकमैन ने एटलेटिको के लिए गोल किया। यह गोल एग्रीगेट स्कोर के लिहाज से निर्णायक साबित हुआ।

**दूसरे हाफ में मौके, लेकिन किस्मत नहीं**

दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने एक और गोल किया, लेकिन फेरान टोरेस का यह गोल ऑफसाइड करार दे दिया गया। गोलकीपर जोन गार्सिया ने भी एक अहम बचाव किया। मैच के दौरान गावी और माटेओ रुगिएरी के बीच टक्कर में रुगिएरी को चोट लगी और खेल कुछ देर रुका।

# हार्दिक पांड्या ने सुनील छेत्री को भेंट की एमआई की जर्सी, ट्रेनिंग कैंप में पहुंचे थे फुटबॉलर

मुंबई। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) के ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे थे। इस दौरान एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने छेत्री को एमआई की जर्सी भेंट की। ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे सुनील छेत्री से एमआई के कई खिलाड़ी बात करते हुए नजर आए। छेत्री ने महेला जयवर्धने, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और कप्तान हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों से बातचीत की और अपने शानदार करियर के अनुभव शेयर किए। छेत्री ने एमआई के एक टीवी वीडियो में कहा, 'मैं स्टेडियम में बहुत बार नहीं गया हूं, लेकिन जब भी आया हूं, तो यह एक अद्भुत एहसास है। यहां आकर खेल को अलग तरह से देखना बहुत अच्छा है। मैं मुंबई इंडियंस और फैंस को न केवल इस मैच के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'




एमआई के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत शानदार रही थी। टीम ने 2012 के बाद किसी भी सीजन का पहला मैच इस बार जीता, लेकिन उसके बाद से टीम ने एक भी मैच नहीं जीता है। एमआई 4 मैचों में 3 हार के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है।

टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हुए अपने आखिरी मैच में 18 रन से हार का सामना करना पड़ा था। एमआई के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा इस मैच में इंजर्ड होकर रिटायर हर्ट हुए थे। एमआई की तरफ से उस मैच में शरफेन रदरफोर्ड ने शानदार पारी खेली थी और 31 गेंदों पर 9 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए थे। हालांकि, रदरफोर्ड अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके थे।

मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। एमआई के लिए इस मैच में जीत बेहद जरूरी है, जो पंजाब किंग्स के फॉर्म को देखते हुए बिल्कुल भी आसान नहीं लगता है।.

# शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप, वॉर्नर की सिडनी थंडर कप्तानी पर संकट

**नई दिल्ली।** सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप के बाद अनुभवी ओपनर डेविड वॉर्नर का सिडनी थंडर के कप्तान के तौर पर भविष्य सवालों के घेरे में आ गया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे कामयाब बल्लेबाजों में से एक वॉर्नर को ईस्टर संडे के दिन शहर के पूर्वी उपनगरों में रोका गया था। आरोप है कि उस समय उनके खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 पाया गया, जो कानूनी सीमा से दोगुने से भी ज्यादा है। वॉर्नर को आगे की जांच के लिए मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, उन्हें 7 मई को डाउनिंग सेंटर लोकल कोर्ट में पेश होना है। वॉर्नर सिडनी थंडर टीम में एक अहम लीडरशिप की भूमिका में हैं। यह संस्था लंबे समय से सड़क सुरक्षा से जुड़ी पहलों में सक्रिय रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने क्रिकेट एनएसडब्ल्यू को एक मुश्किल स्थिति में डाल दिया है।क्रिकेट एनएसडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी ली जर्मन ने मामले की गंभीरता को स्वीकार किया है। हालांकि, कानूनी कार्रवाई जारी होने के कारण उन्होंने इस पर विस्तार से टिप्पणी करने से परहेज किया। 39 वर्षीय बल्लेबाज ने साल 2024 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



'द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' अखबार के अनुसार, ली जर्मन ने कहा, 'मैं इस घटना के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि यह मामला कानूनी दायरे में आता है। बेशक, ये आरोप चिंताजनक हैं और हम इन्हें बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। क्रिकेट एनएसडब्ल्यू में, हम सुरक्षित ड्राइविंग के प्रबल समर्थक हैं, न कि शराब पीकर गाड़ी चलाने के। हम इस मामले में अपने खिलाड़ियों को काफी जागरूक करते हैं। हम इस पूरी प्रक्रिया में डेविड का साथ देंगे, यह जानते हुए कि उन पर एक कोर्ट केस चल रहा है, लेकिन साथ ही हम इस बेहद अहम मुद्दे पर अपने खिलाड़ियों को और भी ज्यादा जागरूक करने की कोशिश करेंगे। क्रिकेट एनएसडब्ल्यू और थंडर टीम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। इसमें ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ उनका सालाना मैच भी शामिल है, जिसे 'रोड सेफ्टी कप' के नाम से जाना जाता है। यह सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर चलाया जाने वाला एक अहम अभियान है।

जैसे-जैसे कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, वॉर्नर का नेतृत्व वाला पद अभी भी अनिश्चित बना हुआ है। उम्मीद है कि क्रिकेट एनएसडब्ल्यू आने वाले हफ्तों में इस मामले का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करेगा।

जर्मन ने कहा, 'यह बात ध्यान में रखें कि फिलहाल ये सिर्फ आरोप हैं। सिडनी थंडर की कप्तानी के मामले पर उचित समय आने पर फैसला लिया जाएगा।'

## व्यापार

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बातचीत फिर शुरू होगी

## भारतीय डेलिगेशन अगले हफ्ते वॉशिंगटन रवाना होगा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच रुकी अंतरिम ट्रेड डील पर बातचीत फिर शुरू होगी। केंद्र सरकार का हाई-लेवल डेलिगेशन अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाएगा। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में टैरिफ नियमों और अदालती फैसलों से व्यापारिक समीकरण बदल गए हैं।

पीटीआई के अनुसार, बुधवार को सरकारी सूत्रों ने डेलिगेशन की यात्रा की पुष्टि की। पहले मार्च में समझौते पर हस्ताक्षर की उम्मीद थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प शासन के टैरिफ और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने स्थिति कठिन बना दी है।

**मार्च में होने वाला था समझौता**

दोनों देशों ने फरवरी में समझौते के पहले चरण की रूपरेखा तैयार की थी। इस फ्रेमवर्क में अमेरिका भारतीय सामानों पर टैरिफ 18% करने पर सहमत हुआ था। लेकिन इसके बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के कुछ पुराने टैरिफ नियम रद्द कर दिए।फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों के आयात पर 10% टैरिफ लागू किया है। स्पष्टता की कमी से पिछले महीने की बैठक टाल दी गई थी।



**भारत का रिलेटिव एडवांटेज कम हुआ**

फरवरी में फ्रेमवर्क बनने पर भारत को अन्य देशों से बेहतर स्थिति मिल रही थी। ऊंचे टैरिफ के बीच 18% की दर भारत के लिए फायदेमंद थी।

लेकिन अब अमेरिका ने सभी देशों पर 10% फ्लैट टैरिफ लागू किया है। इससे भारत का खास फायदा कम हुआ है, क्योंकि सभी को समान दर मिल रही है।

# भारत की इकोनॉमी में गिरावट, 6वें नंबर पर आया, वजह- डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत की इकोनॉमी दुनिया की रैंकिंग में 5वें नंबर से गिरकर 6वें नंबर पर आ गई है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के अनुसार अब ब्रिटेन एक बार फिर भारत से आगे निकल गया है।

भारत की जीडीपी में ये गिरावट डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से आई है। इस साल की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया 89.91 पर था जो अब 93.38 रुपए पर आ गया है।

भारत की जीडीपी 2025 में 3.92 ट्रिलियन डॉलर और 2026 में 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, ब्रिटेन की लष्क्क 2025 में 4 ट्रिलियन डॉलर और 2026 में 4.26 ट्रिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है।




**रैंकिंग में गिरावट की 2 मुख्य वजहें**

भारत की ग्लोबल रैंकिंग में इस बदलाव के पीछे 2 बड़े कारण माने जा रहे हैं...

बेस ईयर में बदलावः सरकार ने जीडीपी के बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। इस बदलाव और नए पेटर्न की वजह से इकोनॉमी के साइज में 2.8% से 3.8% तक की कमी आई है।

रुपए की कमजोरीः डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आई गिरावट ने भी असर डाला है। जिससे डॉलर में आंकी जाने वाली लष्क्क कम हो गई। इसके उलट ब्रिटिश पाउंड मजबूत हुआ है, जिससे उनकी इकोनॉमी की वैल्यू बढ़ गई है।

**2027 में बनेगा चौथी बड़ी इकोनॉमी, जापान को छोड़ेंगे पीछे**

यह गिरावट केवल अस्थायी साबित हो सकती है। आईएमएफ का अनुमान है कि भारत 2027 तक एक लंबी छलांग लगाएगा और जापान-ब्रिटेन दोनों को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जाएगा।

# अक्षय तृतीया से पहले सर्राफा बाजार में तेजी चांदी 11800 चढ़ी, सोना 1.58 लाख रुपये पार

**नई दिल्ली।** आगामी 19 अप्रैल को मनाए जाने वाले शुभ पर्व अक्षय तृतीया से ठीक पहले भारतीय सर्राफा बाजार रौनक दिखी। आभूषण निर्माताओं और स्टॉकिस्टों की ओर से हो रही मजबूत खरीदारी के दम पर बुधवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। अक्षय तृतीया को कीमती धातुएं खरीदने के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है।

**चांदी और सोने की कीमतों में ऐतिहासिक वृद्धि**

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के आंकड़ों के अनुसार, सफेद धातु यानी चांदी की कीमतों में 11,800 रुपये प्रति किलोग्राम का बड़ा उछाल आया है। 4.81 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ चांदी सोमवार के 2,45,200 रुपये के बंद स्तर मजबूत होकर अब 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। मंगलवार को आधिकारिक छुट्टी के कारण सर्राफा बाजार में कारोबार बंद था।



चांदी की तरह ही पीली धातु में भी तेजी का रुख कायम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगभग 2 प्रतिशत या 3,000 रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। इस वृद्धि के बाद सोने का भाव 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया है, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर टिका हुआ था। बाजार के जानकारों और व्यापारियों का स्पष्ट रूप से मानना है कि कीमतों में आई यह भारी तेजी त्योहार से पहले खुदरा मांग के मजबूत रहने की उम्मीदों का ही परिणाम है।

**बदलते दौर में उपभोक्ताओं की नई पसंद**

श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चेतन ठक्कर ने बताया कि अपनी परंपरा और सोने के स्थायी मूल्य के कारण आभूषण उद्योग के लिए अक्षय तृतीया हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के दिनों में सोने की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन इसके बावजूद आभूषण खरीदने को लेकर उपभोक्ताओं का इरादा मजबूत बना हुआ है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट और भू-राजनीतिक कारण**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं का कारोबार गिरावट के साथ हुआ। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 45.88 अमेरिकी डॉलर या लगभग 1 प्रतिशत फिसलकर 4,795.97 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया।

# थोक महंगाई 38 महीने में सबसे ज्यादा मार्च में ये 3.88 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** मार्च में थोक महंगाई बढ़कर 3.88% पर पहुंच गई है। फरवरी के यह 2.13% पर थी। यानी इसमें एक महीने के अंदर 1.75% की बढ़ोतरी हुई है। थोक महंगाई ने 38 महीने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। जनवरी 2023 में थोक महंगाई 4.73% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 अप्रैल को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

**रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं**

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 3.27% से बढ़कर 6.36% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई में कोई बदलाव नहीं है, ये 1.85% पर बनी हुई है।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 3.78% से बढ़कर 1.05% हो गई है।



मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.92% से बढ़कर 3.39% रही।

**होलसेल महंगाई के 4 हिस्से**

प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।

फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां

नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं

मिनरल्स

क्रूड पेट्रोलियम

**मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंची**

मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंच गई है। इससे पहले फरवरी में यह 3.21% थी। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है।थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डबलूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डबलूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

# किसानों को राहत: खरीफ फसली कर्ज चुकाने की तिथि बढ़ी, अब 15 मई तक जमा कर सकेंगे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर राजस्थान की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के अन्नदाताओं को बड़ी सौगात देते हुए खरीफ फसली ऋण चुकाने की समय सीमा को बढ़ा दिया है। सहकारिता विभाग द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, अब किसान अपने अल्पकालीन फसली ऋण की अदायगी 15 मई 2026 तक कर सकेंगे। सरकार के इस निर्णय से उन लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा जो विपरीत परिस्थितियों के कारण समय पर ऋण जमा कराने में असमर्थ थे।



सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव प्रहलाद सहाय नागा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, खरीफ 2025 के दौरान वितरित किए गए अल्पकालीन फसली ऋणों की अदायगी की तिथि, जो पहले 31 मार्च 2026 निर्धारित थी, उसे अब बढ़ाकर 15 मई 2026 कर दिया गया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसान अब 15 मई या ऋण लेने की दिनांक से 12 माह (जो भी पहले हो) तक अपना कर्ज चुका सकते हैं। इस विस्तार के बाद अब किसान बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के और डिफाल्टर होने के डर के बिना अपना ऋण चुकता कर पाएंगे। सरकार ने केवल तिथि ही नहीं बढ़ाई है, बल्कि ब्याज अनुदान को भी किसानों के पक्ष में रखा है।

आदेश के तहत 31 मार्च 2026 तक की ब्याज अनुदान राशि का समायोजन वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधानों से किया जाएगा। विस्तारित अवधि (1 अप्रैल से 15 मई 2026) तक की ब्याज राशि का समायोजन नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से होगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि तिथि बढ़ने के बावजूद किसानों पर ब्याज का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा और उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ मिलता रहेगा।

आदेश में विभाग ने यह भी साफ किया है कि इस पूरी प्रक्रिया में नाबार्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाएगी। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि भविष्य में नाबार्ड से मिलने वाले पुनर्वित्त में किसी भी प्रकार की तकनीकी या वित्तीय कठिनाई न आए। वित्त विभाग ने भी 14 अप्रैल 2026 को इस प्रस्ताव पर अपनी सशर्त सहमति दे दी थी, जिसके बाद अब इसे धरातल पर उतार दिया गया है।

इस आदेश की प्रति रजिस्ट्रार (सहकारी समितियां) और प्रबंध निदेशक (राजस्थान राज्य सहकारी बैंक) को भेजकर सख्त निर्देश दिए हैं कि वित्त विभाग द्वारा अंकित शर्तों की कड़ाई से पालना की जाए। इस फैसले से विशेषकर उन क्षेत्रों के किसानों को संबल मिलेगा जहाँ फसल कटाई या विपणन में देरी के कारण नकदी का संकट बना हुआ था।

# हर घर-हर खेत को पर्याप्त बिजली उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बेहतर प्रबंधन एवं दूरगामी निर्णयों के फलस्वरूप प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने के साथ ही छीजत में कमी आई है। उन्होंने प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योगों को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित ऊर्जा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अक्षय ऊर्जा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की है। हर घर-हर खेत को पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। आज 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिल रही है जिसे राज्य सरकार वर्ष 2027 में प्रदेशभर में उपलब्ध कराएगी। शर्मा ने कहा कि पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट्स सस्ते होने के साथ ही लम्बी अवधि के लिए कारगर है। वहीं, बैट्री स्टोरेज के माध्यम से भी स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलता है। यें परियोजनाएं आने वाले समय में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इन प्रोजेक्ट्स की क्रियान्विति राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं को गति देने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, ऊर्जा विभाग शासन सचिव आरती डोगरा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लोकभवन में राज्यों का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया

# राज्यपाल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विचार आलोक में राज्यों के निवासियों से किया संवाद



ड्ड हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** लोकभवन में बुधवार को हिमाचल प्रदेश, बिहार, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, दादर एवं नगर हवेली तथा दमन दीव का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनसे संवाद किया।

राज्यपाल ने कहा कि लोक भवन में राज्यों के स्थापना दिवस 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को अनुभूत करना है। उन्होंने कहा कि भारत के राज्य विविधता में एकता की अनूठी संस्कृति लिए है। उन्होंने हिमाचल को भारत का भाल बताते हुए कहा कि हिमाचल तीर्थ भूमि है और राजनीतिक रूप से भी यह राज्य आरंभ से समृद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार प्राचीन भारत की संस्कृति से जुड़ा है। यहीं से सम्राट अशोक ने विश्वभर में शांति का संदेश पहुंचाया। यहीं भगवान महावीर का जन्म हुआ, गुरु गोविन्दं सिंह का जन्म हुआ और यह राज्य पाटलीपुत्र के रूप में समृद्ध भारत का सदा से प्रतिनिधित्व करता रहा है। उन्होंने ओडिशा, अरूणाचल, मिजोरम, दादर एवं नगर हवेली और दमन-दीव से जुड़े इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि भारत राज्यों की विशेषताओं से ही विश्व की समृद्ध संस्कृति का राष्ट्र बना है।

राज्यपाल ने स्थापना दिवस पर विभिन्न राज्यों के लोगों से संवाद करते हुए उन्हें राजस्थान के विकास में भी अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने स्थापना दिवस से संबंधित राज्यों की समृद्ध संस्कृति, वीरता और ऐतिहासिक धरोहर को नमन करते हुए 'विकसित भारत' में सभी की समान भूमिका का भी आह्वान किया।

इससे पहले विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए वहां के लोगों ने अपने राज्यों की विशेषताओं और राजस्थान से उनके संबंधों के बारे में विस्तार से बताया। राज्यपाल ने व्यक्तिशः सभी से संवाद करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आरएएस हनुमानाराम की जमानत याचिका की खारिज

### डमी कैंडिडेट बनकर दी थी परीक्षा

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आरएएस अधिकारी हनुमानाराम की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में बुधवार को जमानत पर सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अगर आरोपी आरएएस अधिकारी बना रहता तो यह राज्य को बेच देता।

सरकार ने कहा- आरोपी का यह कृत्य लोक प्रशासन की नींव और प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सीधा प्रहार करता है। यदि आरएएस जैसे जिम्मेदार पद पर चयनित व्यक्ति ऐसे कार्यों में लिप्त पाया जाता है, तो वह पूरे तंत्र के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे आरोपी को जमानत का अधिकार नहीं होना चाहिए। आरोपी निलंबित आरएएस अधिकारी हनुमानाराम ने सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 के अलग-अलग चरणों में और पटवारी भर्ती परीक्षा-2021 में डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी थी। इसके बाद 9 अप्रैल 2025 को हनुमानाराम को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि बाड़मेर जिले के बिसारणियां गांव निवासी हनुमानराम विरड़ा को आरएएस परीक्षा-2021 में 22वीं रैंक मिली थी।

# बाबा साहब के संविधान से मिला सम्मान और अधिकार - एमडी चोपदार



## जयपुर में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संविधान जागरूकता एवं एकता सम्मेलन का भव्य आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जयपुर स्थित पीसीसी कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) द्वारा 'संविधान जागरूकता एवं एकता सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री एम.डी. चोपदार ने कहा कि आज भारत का प्रत्येक नागरिक जिस स्वतंत्रता के साथ जीवन जी रहा है, चाहे वह रोजगार चुनने की आज़ादी हो, अपने धर्म का पालन करने का अधिकार हो या अपनी जीवनशैली के अनुसार खाने-पीने की स्वतंत्रता, यह सब बाबा साहब अंबेडकर के संविधान की देन है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता और सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है।



इस अवसर पर विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी के नव-नियुक्त पदाधिकारियों, सोशल मीडिया टीम तथा असम विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने वाली टीम का शाल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक सफल बनाया। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में प्रदेश के प्रत्येक जिले में 'सद्भावना सम्मेलन' आयोजित किए जाएंगे, ताकि सामाजिक एकता और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

इस अवसर पर जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के अध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल, पीसीसी सचिव ताराचंद सैनी, महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी, आरसी चौधरी, एडवोकेट शगीर अहमद एवं प्रोफेसर हसीना सहित कई वरिष्ठ नेता मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन लियाकत अली झालावाड़ एवं सलमा पिनारा द्वारा किया गया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के संयोजक एडवोकेट शगीर अहमद ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में धौलपुर से सुलेमान फारुकी (प्रदेश सचिव, अल्पसंख्यक विभाग राजस्थान), जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग शबनम खान, जिला महासचिव जाकिर खान, राशिद खान, शिवा चौधरी सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## परिसीमन व महिला आरक्षण को लेकर केन्द्र को चेतावनी

# दक्षिण की आग को हल्के में न ले मोदी सरकार - अशोक गहलोत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने परिसीमन और महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। गहलोत ने दक्षिण भारतीय राज्यों में बढ़ते असंतोष को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगाह करते हुए कहा कि यदि दक्षिण की चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो देश में 1950-60 के दशक जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। गहलोत ने बुधवार को यहां एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के संकेतों से स्पष्ट है कि दक्षिण के राज्यों में भारी रोष है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'मैं जानबूझकर दोहरा रहा हूं कि मोदी जी को साउथ की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। अगर वहां के लोगों को लगा कि उत्तर भारत उन पर अपनी मर्जी थोप रहा है और उनकी स्थिति कमजोर की जा रही है, तो स्थिति बिगड़ सकती है। स्टालिन साहब का संकेत बहुत खतरनाक है, उनके दिलों में आग लगी हुई है। '

### महिला आरक्षण और जनगणना पर घेरा

महिला आरक्षण लागू करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने इसे एक 'राजनीतिक षड्यंत्र' करार दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन सरकार की नीयत में खोट है। उन्होंने सवाल किया कि जो जनगणना 2021 में होनी चाहिए थी, उसे अब तक क्यों टाला गया? गहलोत ने तंज कसा कि विपक्ष को बदनाम करने के लिए जल्दबाजी में संसद का सत्र बुलाया गया, जबकि विपक्ष ने चुनाव के बाद इसे बुलाने का सुझाव दिया था।

### 2011 की जनगणना को आधार बनाने पर आपत्ति

गहलोत ने सरकार के उस फार्मूले पर भी कड़ा ऐतराज जताया जिसमें 2011 की जनगणना को परिसीमन का आधार बनाने की चर्चा है। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले संसद में कानून बनते समय सरकार ने कहा था कि 2021 की जनगणना के बाद ही इसे लागू करेंगे, तो अब अचानक 2011 का आधार क्यों? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बिना किसी ठोस आधार के परिसीमन की चाल चल रही है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

# टायर गोदाम में आग लगी 2 घंटे बाद पाया काबू



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के संजय बाजार स्थित मिश्रा मार्केट की गली में दोपहर पौने एक बजे टायर गोदाम में आग लग गई। गोदाम एक तंग गली में था। जो चार मंजिला भवन में चलाया जा रहा था। गोदाम के ग्राउंड फ्लोर में टायर रखे थे। जो आग की चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर लालकोठी थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां पहुंची है, करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद चार दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

संजय बाजार स्थित जिस गोदाम में आग लगी थी, वो तंग गलियों में था। जिससे दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्राउंड फ्लोर पर आग लगी थी उसके चारों तरफ सेटर लगे हुए थे। जिन्हें तोड़कर दमकल की टीम ने केमिकल फॉर्म डालकर हीट के तापमान को कंट्रोल किया। आग का धुआ उठता देख आसपास से लोग मौके पर बड़ी संख्या में इक्ट्ठा हो गए। आग लगने के कारण बड़ी संख्या में टायर जलकर राख हो गए।

गौरतलब है कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। ना फायर एनओसी ले रखी थी। पहली मंजिल टायर गोदाम को किराए पर दी थी और ऊपरी तीन मंजिल में लोग रहे थे, करीब चार सिलेंडर मौजूद थे यदि आपकी चिंगारी सिलेंडर तक पहुंचती तो बड़े धमाके हो सकते थे। बता दे कि गोदाम के पास रियाशी इलाके होने के कारण कई मकान में लोग रहते थे यदि हादसा होता तो कई लोगों की जान को भी खतरा हो सकता था।

# जेजेएम घोटालाः सुबोध अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** 960 करोड़ रुपए के जेजेएम मामले में रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल की एक बार फिर एसीबी कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसीबी ने कोर्ट में फिर से सुबोध अग्रवाल की दो दिन की पीसी रिमांड मांगी थी। इस दौरान सुबोध अग्रवाल ने पीसी रिमांड का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सुबोध अग्रवाल को ज्यूडिशयल कस्टडी में भेज दिया। सुबोध अग्रवाल ने खुद को जेल में खतरा बताकर अलग सेल में रखने को लेकर एप्लिकेशन दी है। कोर्ट में सुबोध अग्रवाल एसीबी अधिकारियों से बोले आप कह रहे हैं कि मैंने सवालों का जवाब नहीं दिया। आप बार-बार मीडिया में ये क्यों कह रहे हैं? बताइए मैंने किन सवालों का जवाब नहीं दिया। बता दें कि मंगलवार शाम पूछताछ के दौरान सुबोध अग्रवाल की तबीयत बिगड़ गई थी। हालांकि सभी जांच में रिपोर्ट सामान्य आई थी।

# बिनु संतोष न काम नसाही

शांति से बड़ा कोई तप नहीं है। संतोष से बड़ा कोई सुख नहीं है। तृष्णा से बड़ा कोई रोग नहीं है और दया से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जीवन में संतोष आने पर सर्वश्रेष्ठ सुख प्राप्त होता है। योग दर्शन में भी कहा है आलसी प्रमादी और कायर बनाने से यह अभिप्राय नहीं है, मगर जीवन में प्रबल पुरुषार्थ करते हुए प्राप्त में संतोष होने से जो प्रबल पुरुषार्थ नहीं होता। देवता भी उससे मित्रता करना पसंद नहीं करते। संतोषी व्यक्ति को संसार में सारे सुख, भोग एवं सामग्रियों की प्राप्ति होने पर भी संतुष्टि नहीं होती है। पृथ्वी पर जितने भी धन, स्वर्ण, पशु और स्त्रियां हैं वे सब के सब मिलकर उसे पुरुष के मन को संतुष्ट नहीं कर सकते जो कामनाओं के प्रहार से जर्जर हो रहा है। जिसके पास थोड़ा होता है थोड़ा और पाने की तथा जिसके पास अधिक होता है उसे अधिक पानी की इच्छा होती है।



एसके मंगल

त्रिलोक के राज्य मिलने पर भी तृष्णा के कारण सुख शांति नहीं मिलती। सुंदरदास कहते हैं कि इच्छाएं सुख भोगों की वासनाएं विष से भी ज्यादा भयंकर हैं विष से एक बार जन्म नष्ट होता है वासना अनेक बार जन्म मृत्यु देती है। वासनाओं की समाप्ति होने पर पुनर्जन नहीं होता। वासना भी दो प्रकार की है। स्थूल जो प्रकट होती हैं और सूक्ष्म में जो ह्रदय में छिपी रहती हैं। योगियों तथा उच्च कोटि के साधकों में भी यदि सूक्ष्म वासना रह जाती है तो घोर जंगल में भी सारे सुख लोगों की सामग्रियां छोड़ आने भी पतन हो जाता है।अतः भगवत प्राप्ति से अतिरिक्त कोई चाह नहीं रखनी चाहिए। उपवास में से वासना की समाप्ति होती है। तुलसीदास जी ने कहा है कि संतोष के बिना इच्छाएं नहीं मिल सकती और इच्छाओं के रहते हुए सपने में भी सुख नहीं मिल सकता। बिना संतोष में काम नसाई। काम अक्षत सुख सपनेहु नाहीं। दोष विकार अशांति और इच्छाएं अपरिपक्वता तथा पूर्णता की बोधक है। गन्ने के रस में उफान और खिचड़ी की खदवदाहट तभी तक होती है जब तक वह पक नहीं जाते। जीवन में पूर्णता आने पर इच्छाओं की समाप्ति दुख दोषों की निवृत्ति होती है तथा सुख शांति मिलती है।

# क्यूआर फीडबैक और जीआईएस मैपिंग से आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें – वी. श्रीनिवास

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने विभागों एवं जिला कलेक्टर्स को सभी गतिविधियों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों के लिए डायनामिक मास्टर प्लान तैयार कर 15 मई तक पोर्टल पर अपलोड किए जाएं तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से हर स्तर पर जवाबदेही और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव बुधवार को सचिवालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर्स से संवाद कर उनके सुझाव, समस्याओं एवं अनुभवों की जानकारी ली और संबंधित विभागों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर्स को ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से भाग लेने तथा जमीनी स्तर पर गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम सभा एवं वार्ड सभा के माध्यम से सुझाव संकलन, डेटा एंट्री, जीआईएस- मैपिंग और मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही, 20 अप्रैल तक फोकस ग्रुप डिस्कशन, 25 अप्रैल तक ड्राफ्ट मास्टर प्लान तथा 15 मई तक अंतिम मास्टर प्लान तैयार कर पोर्टल पर अपलोड सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए QR कोड आधारित फीडबैक प्रणाली विकसित करने तथा नवगठित ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवकों की आईडी मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि अभियान का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो सके। बैठक में प्रमुख शासन सचिव आयोजना भवानी सिंह देथा ने बताया कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जिले में पंचायती राज एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित प्रशिक्षण एवं डाउट क्लियरिंग सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के लिए विकसित वेब पोर्टल के माध्यम से डेटा एंट्री, मॉनिटरिंग, GIS आधारित मैपिंग तथा मास्टर प्लान अपलोड की सुविधा उपलब्ध है, जबकि मोबाइल एप से जियो-टैग्ड फोटो अपलोड की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड टूलकिट को 11 प्रमुख सेक्शनों- प्रशासनिक, कृषि एवं आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना, जल प्रबंधन, पर्यावरण, पर्यटन एवं सुशासन में विभाजित किया गया है, जिससे डिजिटल बेसलाइन तैयार की जा रही है। इसके आधार पर वर्ष 2030, 2035 एवं 2047 तक की आवश्यकताओं का आकलन कर योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

